

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

TITLE CODE :UPHIN49919

# दैनिक समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 01 अंक: 295 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 02 अगर्स्त 2022 vatankiawaz@gmail.com पेज: 08 मूल्य 05 रुपया


## मेडिकल और इंजीनियरिंग करने वाली छात्राओं के लिए खुशखबरी, बिहार सरकार फ्री में कराएगी कोचिंग।

समाज जागरण पटना (बिहार हेड की रिपोर्ट) पटना:नीतीश कुमार की तरफ से पिछड़ा और अतिपिछड़ा वर्ग के लड़कियों के लिए बड़ा तोहफा है। अब घर बैठे पिछड़े और अतिपिछड़े वर्ग की लड़कियों को मुफ्त शिक्षा मिलने वाली है. जो लड़कियां मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी करना चाहती हैं, उन्हें बिहार सरकार मुफ्त ऑनलाइन शिक्षा की सुविधा देने जा रही है. कल्याण विभाग 38 जिलों में पिछड़ा और अतिपिछड़ा वर्ग के कन्या आवासीय उच्च माध्यमिक स्कूलों में यह पढ़ाई शुरू करने जा रही है. 35 हजार से ज्यादा लड़कियों को इसका लाभ मिलने वाला है. तैयारी पूरी होने पर अगस्त से पढ़ाई शुरू की जाएगी। बिहार सरकार पिछड़ा और अतिपिछड़ा वर्ग के लिए ऑनलाइन और मुफ्त शिक्षा के काम में जुटी है। आवासीय सुविधा के तहत लड़कियों को कोचिंग कराने की व्यवस्था की जा रही है. इसमे मुफ्त इन्टरनेट की सुविधा भी मिलने वाली है। पिछड़ा और अतिपिछड़ा लड़कियों को जाने माने कोचिंग सेंटर से क्लास मेटेरियल मिलेगा. जिसमे सॉफ्ट और हार्ड कॉपी भी मिलेगा। छात्रों की समस्याओं को दूर करने के लिए सप्ताह में स्पेशल क्लास भी लिया जायेगा. वहीं कल्याण विभाग ने ऑनलाइन क्लास के लिए टीवी, स्क्रीन, नेट, वेब और ब्लैक बोर्ड की भी तैयारी की है और इसको मुख्यालय से मॉनिटर किया जायेगा।



इस बात की जानकारी पिछड़े और अतिपिछड़े कल्याण विभाग के सचिव पंकज कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि कन्या आवासीय स्कूलों में पढ़ रही लड़कियों के अलावे पिछड़ा और अतिपिछड़ा वर्ग के होस्टल में रहकर पढाई करने वाले छात्रो को भी यह सुविधा दी जाएगी।

# रेलवे का बड़ा फैसला, अब स्टेशनों पर नहीं होगा 'इंक्वायरी काउंटर'!

**अगर आप भी ट्रेन से सफर करते हैं तो ये खबर जरूर पढ़ लें. रेलवे मंत्रालय ने आज एक बड़ा फैसला लिया है.** फैसले के तहत अब रेलवे स्टेशनों में इंक्वायरी काउंटर नहीं मिलेंगे. जानिए फिर रेलवे स्टेशन पर आपको ट्रेन से जुडी मदद और जानकारियां कैसे मिलेंगी?

अगर आप भी रेल से सफर करते हैं तो आपके लिए जरूरी खबर है. अब आपको स्टेशन पर इंक्वायरी काउंटर नहीं मिलेंगे. अब आगे से आप जब भी रेलवे स्टेशन जाएंगे तब आपको पूछताछ काउंटर ही नहीं मिलेगा. ऐसे में आप यह जरूर सोच रहे होंगे कि आप अपने ट्रेन के बारे में जानकारी कैसे प्राप्त करेंगे. लेकिन आपको इससे घबराने की जरूरत नहीं है. रेलवे ने यात्रियों की सहूलियत के लिए बड़ा फैसला लिया है. इसके तहत अब आपको रेलवे स्टेशन पर इंक्वायरी काउंटर की जरूरत ही नहीं पड़ेगी, क्योंकि इसकी जगह आपको ;सहयोग' मिलेगा.

### भारतीय रेलवे का बड़ा फैसला!

रेलवे मंत्रालय ने सोमवार को एक बड़ा फैसला लिया है. इस फैसले के तहत स्टेशनों में इंक्वायरी काउंटर का नाम बदल दिया गया है. रेलवे के इस काउंटरों का नाम अब 'सहयोग' होगा. यहां पर यात्रियों को ट्रेन के आने-जाने से जुड़ी सभी जानकारियां मिल सकेंगी. रेलवे बोर्ड ने इससे संबंधित आदेश सभी जोनल रेलवे को जारी कर दिए हैं. यानी अब आपको




रेलवे स्टेशन पर 'इंक्वायरी काउंटर' नहीं बल्कि सहयोग पर सभी जानकारियां मिलेंगी.

### रेलवे ने जारी किया आदेश

रेलवे मंत्रालय की तरफ से आज इससे संबंधित आदेश जारी किया गया है. रेलवे की तरफ से जारी यह आदेश सभी भारतीय रेलवे के सभी जीएम को भेजे गए हैं. आपको बता दें कि यह आदेश रेलवे बोर्ड के एग्जक्यूटिव डायरेक्टर, पैसेंजर मार्केटिंग नीरज शर्मा द्वारा जारी किया गया है. रेलवे बोर्ड के अधिकारियों की तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार इंक्वायरी बूथ पर केवल पूछताछ का ही काम नहीं होता है, बल्कि और भी कई सुविधाएं मिलती हैं. जैसे- कई जगह बूथ पर व्हील चेयर मिलती हैं और यात्रियों को प्रॉपर गाइड किया जाता है. रेलवे ने इन काउंटर्स पर मिलने वाली इन सुविधाओं को धयान में रखते हुए इसका नाम बदल दिया है. यानी अब आपको स्टेशनों पर इंक्वायरी काउंटर या बूथ के बजाए 'सहयोग' काउंटर दिखेंगे.

## शराबबंदी को ले एक्साइज विभाग का बड़ा एक्शन, एक ही रात में 80 की गिरफ्तारी



समाज जागरण नवादा(धर्म जीत सिन्हा) नवादा:शराबबंदी को लेकर नवादा जिले में शनिवार की रात मद्य निषेध विभाग (एक्साइज डिपार्टमेंट) द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई। इस दौरान 80 लोगों की गिरफ्तारियां हुई। शराब की जब्ती की गई। पियक्कड़ों और धंधेबाजों को पकड़ा गया। एक रात में गिरफ्तारी का यह रिकॉर्ड है। इस कार्य में मद्य निषेध विभाग के 3 जिलों नवादा, गया और नालंदा जिले के अधिकारियों और जवानों को लगाया गया था। संयुक्त कार्यवाही में उक्त सफलता मिली। नवादा के मद्य निषेध विभाग के अधीक्षक अनिल कुमार आजाद के दिशा निर्देशन में कार्यवाही की गई।

रजौली थाना क्षेत्र में उत्पाद निरीक्षक रामप्रीत कुमार के नेतृत्व में गया जिले के मद्यनिषेध विभाग की टीम के सहयोग से चलाए गए विशेष अभियान में 34 शराबियों एवं 4 शराब धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया। शेष गिरफ्तारी जिले के अन्य हिस्सों में हुई। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि तीन जिलों के मद्यनिषेध विभाग के सहयोग से पूरे जिले में विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें शराब मामले से सम्बंधित कुल 80 लोगों की गिरफ्तारी की गई। इन्होंने बताया कि रजौली थाना क्षेत्र के चितरकोली, हरदिया, डीह रजौली एवं टकुआटांड़ में छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें महिला सहित 4 शराब धंधेबाज और 34 नशेड़ी कुल 38 लोगों की गिरफ्तारी की गई। गिरफ्तार शराब धंधेबाजों के पास से देशी महुआ शराब भी बरामद किया गया है।

बताते चलें कि समय-समय पर उत्पाद विभाग एवं बिहार पुलिस द्वारा शराब धंधेबाजों के खिलाफ छापेमारी की जाती रही है, बावजूद शराबियों व शराब धंधेबाजों की संख्या में कमी नहीं आ रही है।

## भाजपा उत्तर पूर्वी जिला की संगठनात्मक बैठक

(हरेश उपाध्याय )दिल्ली:-यमुना विहार में,जिला अध्यक्ष मोहन गोयल की अध्यक्षता में भाजपा उत्तर पूर्व की संगठनात्मक बैठक हुई। जिसमें प्रदेश महामंत्री हर्ष मल्होत्रा प्रभारी सत्य नारायण गौतम विधायक अजय महावर ने संगठन के आगामी विषयों पर विस्तृत चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बात को सभी ने प्रोजेक्टर लगाकर सुना। हर्ष मल्होत्रा ने कहा 10 अगस्त को तालकटोरा स्टेडियम में लक्की शाह बंजारा को हम सब याद करेंगे। जिसमें गृहमंत्री अमित शाह का मार्गदर्शन मिलेगा। मोहन गोयल ने बताया कि 2 अगस्त को इंदिरा गांधी स्टेडियम में राष्ट्रीय तिरंगा का चित्रण करने वाले महान पिंगली वेंकैया के जन्म दिवस को याद किया जाएगा जिसमें गृह मंत्री अमित शाह रहेंगे। 3 अगस्त को तिरंगा बाइक रैली का आयोजन होगा। विधायक अजय महावर ने कहा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं का संघर्ष काम आया उनके कठिन परिश्रम और विरोध के बाद दिल्ली सरकार को झुकना पड़ा और उसने अपनी शराब नीति को




वापस लिया। सतनारायण गौतम ने बताया 14 अगस्त को तालकटोरा स्टेडियम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मार्गदर्शन हम सभी को प्राप्त होगा। बैठक में जिला महामंत्री संजय त्यागी डॉ यूके चौधरी दिनेश धामा सचिन मावी डाक्टर अनिल गुप्ता राकेश डेड़ा दीपक चौहान बृजेश सिंह आनंद त्रिवेदी निर्मल मिश्रा राम दत्त पाण्डेय व समस्त अपेक्षित श्रेणी उपस्थित रही।

## आवाज के बेताज बादशाह मोहम्मद रफी को अपना क्लब धामपुर द्वारा श्रद्धांजलि दी

**फारूक अंसारी**
**दैनिक समाज जागरण**

धामपुर । लाखों लोगों के पसंदीदा आवाज के बेताज बादशाह स्वर्गीय मोहम्मद रफी साहब को अपना क्लब धामपुर द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के चेयरमैन राजू गुप्ता नवनीत सिसोदिया, विक्रम राणा, अवनीश कुमार चौहान, सोनू माइकल खान, शरद राजवंशी, डॉ भारती चौहान, दिनेश चंद नवीन आदि ने मोहम्मद रफी साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी



इस अवसर पर मोहम्मद रफी के द्वारा गाय गए गीतों को नगर के उभरते अपना क्लब धामपुर के कार्यक्रम में सबसे पहले अनुज कौशिक द्वारा गाया गया गीत । इस शानदार कार्यक्रम का संचालन पवन संगम द्वारा किया गया इसी बीच में मोहम्मद रफी के गीतों को भी गुनगुना रहे थे। जिसे दर्शकों ने बहुत पसंद किया। रफी के दर्द भरे गाने गाकर दर्शकों का मन जीत लिया। अंत में अपना क्लब धामपुर सस्था के अध्यक्ष अवनीश कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर विक्रम राणा डालचंद चौहान सोनू माइकल खान नदीम खान राजेंद्र काके पाई एकेडमी के डायरेक्टर नवनीत सिसोदिया दिनेश चंद नवीन, डॉ, भारती चौहान आदिल सुल्तानी, नवनीत शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय योगी सेना ने कराया प्रदोष पूजन और भंडारा

***समाज जागरण नोएडा***

राष्ट्रीय योगी संगठन की नोएडा टीम के द्वारा श्रावण मास के तीसरे सोमवार के पावन अवसर पर बाबा भोले नाथ की कृपा से रुद्राभिषेक एवं भंडारे का आयोजन किया। जिसमे बड़ी संख्या में शिव भक्त सम्मलित हुए एवम भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन राष्ट्रीय योगी सेना के नोएडा स्थित छक्क्ॠ अपार्टमेंट कार्यालय पर सम्पन हुआ।

जिसमे मुख्य रूप से श्री विपिन शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरक्षा प्रकोष्ठ एवम दादी की रसोई से समाजसेवी श्री अनूप खन्ना, महिला जिला प्रभारी श्रीमती सुनीता सिंह , जिला अध्यक्ष नंद लाल सिंह, महानगर अध्यक्ष जितेंद्र राजपूत , हिमांशु गुप्ता ( प्रवक्ता ), उमेश चौहान महामंत्री , संजय चौहान उपध्यक्ष,अमरजीत सिंह महामंत्री ,सुनील बहल



उपाध्यक्ष , विंदेश्वर ,दलवीर सिंह, संजय चौहान, रंजित तिवारी, रूपा गुप्ता, लक्ष्मी पटवाल, जिम्मी बलिया, रचना गुप्ता, संगीता आदि टीम के लोग उपस्थित रहे।


### नमस्कार मित्रों

*नोएडा में जिन्होंने 2018 में फॉर्म जमा किए थे अक्टूबर नवंबर महीने में और जो लोग न्यायालय गए थे जिनका सत्यापन नहीं हुआ है वेंडिंग जोन में स्थान नहीं प्राप्त हुआ है वह सभी लोग नोएडा प्राधिकरण सेक्टर 6 कार्यालय इंदिरा गांधी कला केंद्र में 2:00 बजे उपस्थित दर्ज कराये अपने कागजात के साथ। यह मौका फिर नहीं मिलेगा आपको अपने कागजात लेकर पहुंचे आज्ञा से रेहड़ी पटरी संचालक वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश नोएडा गौतम बुध नगर*


## न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने नष्ट कराया 10 हजार लीटर शराब

**अनूप राय, दैनिक समाज जागरण**

खेजुरी (बलिया) : क्षेत्राधिकारी सिकन्दरपुर भूषण वर्मा सहायक अभियोजन अधिकारी बलिया राघवेन्द्र कुमार तथा प्रभारी निरीक्षक खेजुरी बिन्द कुमार व क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्ति / नागरिकों आदि की उपस्थिति में न्यायालय के आदेश के अनुपालन में बरामद शराब को नष्ट कराया गया।

कुल 225 मुकदमों में आबकारी माल देशी व अग्रेजी शराब का निस्तारण हेतु अपर सिविल जज जू0डी0 तृतीय/जे0एम0 बलिया आदेश के क्रम मे दिये गये शर्तो/नियमों का पालन करते हुए आबकारी सम्बन्धित माल देशी/अंग्रेजी शराब (कुल 225 मुकदमों में 10,746 लीटर शराब) को थाना परिसर मे जेसीबी से नष्ट कराकर गड्ढे मे डालकर विनिष्टिकरण की प्रक्रिया अधिकारीगण उपरोक्त के समक्ष पूर्ण की गयी ।

## परमात्मा शिव ही आदि सनातन धर्म की स्थापना करते है - ब्रम्हाकुमारी नीता बहन

***श्रावण मास के तीसरे सोमवार को लटेश्वर नाथ मंदिर के प्रांगण में लगाई गई आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी***

**समाज जागरण संवाददाता**
**विवेक देशमुख**

बिलासपुर/मस्तूरी। ब्रम्हाकुमारी मस्तूरी सेवा केंद्र में श्रावण मास के तीसरे सोमवार को ब्रम्हाकुमारी बहनों ने सेवा केंद्र में स्थापित शिव मंदिर में शिवजी की पूजा अर्चना की जिसमें भ्राता गोविंद जैसवानी, मीना जैसवानी व अन्य भाई बहन पूजा में शामिल हुए।

तत्पश्चात ब्रम्हाकुमारी बहनों ने लटिया तालाब स्थित प्रसिद्ध लटेश्वरनाथ मंदिर के प्रांगण में आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से मंदिर में आए हुए श्रद्धालुओं को परमात्मा का यथार्थ परिचय दिया एवं भगवान शिव के चरित्र का वर्णन किया। ब्रह्माकुमारी गायत्री बहन ने बताया कि परमात्मा त्रिलोकीनाथ त्रिकालदर्शी व त्रिदेव के रचयिता है अर्थात ब्रह्मा, विष्णु और महेश इन तीनों देवताओं द्वारा सृष्टि के स्थापना, पालना और विनाश अर्थात सृष्टि परिवर्तन का कार्य करते हैं। परमात्मा की महिमा अनंत है। वे अजोनी हैं अकाल मूरत है अर्थात वे किसी योनि में नहीं आते, काल उन्हें खा नहीं सकता वे सर्व गुणों में सागर हैं। उनकी महिमा अपरंपार है।





आगे उन्होंने बताया कि परमात्मा को हम सत्यम, शिवम और सुंदरम कहते हैं परंतु हम सत्यता से दूर हो गए हैं क्योंकि हम सभी मनुष्य आत्माएं विकारों से काली हो चुकी हैं। परमात्मा का स्वरूप प्रकाश या ज्योति की तरह है जिसकी हम ज्योतिर्लिंग के रूप में पूजा करते हैं वे सदाशिव कल्याणकारी हैं व मुक्ति जीवनमुक्ति के दाता हैं।

ब्रम्हाकुमारी नीता बहन ने भारत के उत्थान और पतन के 84 जन्मों की अद्भुत कहानी बताते हुए कहा कि कैसे सृष्टि की स्थापना हुई थी एक समय था जब यही भारत भूमि देवभूमि कहलाती थी जहां सर्वगुण, 16 कला संपन्न, संपूर्ण मयार्दा पुरुषोत्तम, डबल अहिंसक देवी देवता निवास करते थे।वह युग सतयुग कहलाता था फिर धीरे-धीरे समय बीतता गया सतयुग से त्रेता, द्वापर, कलयुग और अभी कलयुग के अंत और सतयुग के आरंभ के बीच का समय पुरुषोत्तम संगम युग है। इसी युग में परमात्मा इस धरा पर आकर भारत को जगद्गुरु बनाकर वह आदि सनातन देवी देवता धर्म की स्थापना कर सतयुग की स्थापना करते हैं।

## देश में आने वाले समय में सिर्फ भाजपा ही नहीं रहेगी - डॉ0 सुरेश पासवान

अजय कुमार पाण्डेय औरंगाबाद: ( बिहार ) बिहार - सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश - उपाध्यक्ष, डाक्टर सुरेश पासवान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे0 पी0 नड्डा0 जी द्वारा यह कहा जाना की देश में सिर्फ भाजपा ही रह जाएगी! सारी पार्टियां खत्म हो जाएगी! यह बात नड्डा जी नहीं, बल्कि भाजपा का अहंकार बोल रहा है, और इतिहास साक्षी है कि अहंकार जिसके उपर भी सवार हुआ है! उसका सर्वनाश होते देर नहीं लगा है। मुगल शासकों को भी लगा होगा कि हमारा सम्राज्य भारत से समाप्त नहीं होने वाला है! आज कोई नाम लेवा भी नहीं बचा है। उसी तरह लगता होगा कि अंग्रेजों का राज्य भी हिन्दुस्तान से खत्म होने वाला नहीं है! हश्र सबके सामने है! सात समंदर पार चले गए। अंग्रेजों के माथे पर जब अहंकार का भूत सवार हुआ, तो एक लाठी लेकर गांधी जी अहिंसात्मक आंदोलन के बल पर देश को आजादी दिलाने का काम किया। आजाद भारत में भी लगता था कि कांग्रेस का राज भी खत्म नहीं होने वाला है! लेकिन देश की जनता ने इसे अर्श से फर्श पर लाकर खड़ा कर दिया। अभी ज्यादा दिन नहीं हुए हैं! भाजपा अपने झूठे वादे और छद्म चाल से दुसरी पारी खेल रही है, और इतने दिनों में जिस तरह से अहंकार वाली भाषा का प्रयोग कर रही है! इससे तो लग रहा है, कि भाजपा का अंत भी बहुत ही करीब है। डॉक्टर पासवान ने कहा है कि हमारा भारत देश एक जिंदा लोकतंत्र है, और जब कभी



भी लोकतंत्र एवं संबिधान को कमजोर करने, कुचलने या तोड़ने का कोशिश किया जाता है! उसके खिलाफ देश उठ खड़ा हुआ है, और उसे मुंहतोड़ जवाब देने का काम किया है। इसलिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा यह कहना कि देश की सारी पार्टियां खत्म हो जाएगी, और सिर्फ भाजपा ही रह जाएगी! यह बात कोई देश की जनता से वादा खिलाफी किया हुआ, डरा हुआ पार्टी का नेता ही अहंकार में कह सकता है! डॉक्टर पासवान ने आगे कहा है कि देश में लोकतंत्र भी रहेगा, संविधान भी रहेगा, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पार्टियां भी रहेंगी, अगर नहीं रहेगा, तो आने वाले समय में भारतीय जनता पार्टी की अहंकारी, दंभी और जनविरोधी नीतियों वालीं सरकारें! चूंकि देश भर में बेकाबू महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अनगिनत अपराध, सम्प्रदाय वाद, केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग, वादा खिलाफी से पुरा देश कराह रहा है। भाजपा नीत सरकार जितनी जल्दी जाए! देश और देशवासियों के लिए उतना ही ज्यादा ठीक रहेगा।

## दुनिया के मजदूरों एक बनो नारे के साथ हुआ जिला सम्मेलन

-भाकपा का

-साईं पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन

**ऋतुराज तिवारी बिन्दु,**
**दैनिक समाज जागरण**

रेवती (बलिया) : भाकपा का दो दिवसीय 24 वां जिला सम्मेलन रेवती स्थित साईं पब्लिक स्कूल प्रांगण में सम्पन्न हुआ। 'दुनिया के मजदूरों एक हो एक हो' के नारे के साथ शुरू हुए जिला सम्मेलन में कामरेडों ने नगर रेवती में प्रभात फेरी निकाली तत्पश्चात बैठक कर आवश्यक मंथन हुआ।

इस दौरान 25 सदस्यीय जिला काउंसिल का गठन हुआ। जिसमें जिला सचिव के रूप में पुनः सत्य प्रकाश सिंह को सर्वसम्मति से चुना गया। जिला सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि तथा पर्यवेक्षक के रूप में पधारे पूर्व विधायक व राज्य संगठन मंत्री इम्तियाज अहमद ने कहा कि कोई भी पार्टी या संगठन कार्यकताओं के दम पर ही खड़ा रह सकता है। कहा कि हम कामरेड मेहनत करने से पीछे नहीं हटते हैं। ऐसे में हमें निरन्तर मेहनत करने की आवश्यकता है। जिला सम्मेलन के दौरान जनहित से जुड़े पांच प्रस्ताव को पास किया गया। जिसमें रेवती रेलवे स्टेशन को हाल्ट स्टेशन की श्रेणी से हटाकर स्टेशन का दर्जा देने की मांग, खाद्य वस्तुओं से जीएसटी हटाने, घाघरा से हो रहे कटान को रोकने तथा बाढ़ विस्थापितों को बसाने, अग्निवीर योजना को रद्द करते हुए देश- प्रदेश के खाली पदों पर

## नगर पंचायत की समस्याओं को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे युवा नेता

कृष्ण कुमार पांडेय, दैनिक समाज जागरण

बांसडीह (बलिया) : नगर पंचायत बांसडीह में सड़को,नालियों,खेसरा न होने को लेकर नगर पंचायत के युवा नेता दिग्विजय सिंह छोटू ने अपने पूर्व में किये गए निर्धारित तिथि से बांसडीह कचहरी स्थित दशवत ब्रह्म बाबा के स्थान पर सोमवार के दिन अपने समर्थकों के साथ भूख हड़ताल पर बैठे।



युवा समाज सेवी दिग्विजय सिंह ने बताया कि नगर पंचायत में व्याप्त समस्याओं जिसमे सप्तऋषि द्वार से इंडियन बैंक होते हुए बाजार को जाने वाली जर्जर सड़क की मरमत,नगर पंचायत से वर्षों से गायब खसरा को उपलब्ध कराने,वार्ड नम्बर 12 में जर्जर सड़क और पानी की निकासी,नगर पंचायत के हुए बिकास कार्यो में हुई अनियमितता की जांच आदि विभिन्न समस्याओं को लेकर मैं कई बार उपजिलाधिकारी, नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी से मौखिक के साथ -साथ लिखित रूप से भी शिकायत कई बार किये ।लेकिन हालात यह है कि समस्याओं के निस्तारण कि तो बात छोड़िए नगर के वार्डो के पीड़ितों का भी हाल चाल जानने के लिए भी अधिकारी और नगर पंचायत प्रशासन सुधि नही ले रहा। नगर पंचायत वासियों की पीड़ा को देखते हुए मुझे यह कदम मुझे उठाना पड़ा । जब तक हमारी मांगे पूरी नही होती तब तक यह भूख हड़ताल चलता रहेगा। इस मौके पर प्रयागराज विश्वविद्यालय के छात्रनेता सत्यम सिंह सनी,सपा के नगर अध्यक्ष यदुनाथ सिंह, काग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष मुखिया पांडेय,कांग्रेस के प्रदेश सचिव अभिजीत तिवारी सत्यम,बीरबहादुर तिवारी,मोहन सिंह,ललकु मिश्र,मिथिलेश तिवारी,संतोष सिंह आदि रहे।

## जिलाधिकारी के निर्देश पर दवा की दुकानों का हुआ निरीक्षण

*-प्रशासनिक कार्रवाई*
*-दुकानदार दहशत में, दुकानों से लिए गए दवाओं के नमूना भी*

शशिकांत ओझा ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल के निर्देशन में तथा सहायक आयुक्त औषधि आजमगढ़ मण्डल आजमगढ़ मनु शंकर द्वारा गठित टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सीयर के सामने चल रही दवा की दुकानों का निरीक्षण किया गया और दवाओं के नमूने लिये गये।

सहायक आयुक्त औषधि आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़ द्वारा गठित टीम जिसमे एसडीएम बेल्थरारोड राजेश कुमार गुप्ता, औषधि निरीक्षक आजमगढ़ सीमा वर्मा, औषधि निरीक्षक मऊ राघवेन्द्र प्रताप सिंह, औषधि निरीक्षक बलिया सिधेश्वर शुक्ल ने पुलिस बल के साथ सोमवार को सीएचसी सीयर के सामने चल रही तीन दवा की दुकानों पर पहुंचे ।टीम ने दुकानों के लाइसेंस व अन्य कागजातों की जांच की। इस कार्यवाही से आसपास की अन्य दवा की दुकानें बंद हो गयी । अधिकारियों ने इस दौरान कुछ दवाओं के नमूने भी लिये जिसे जांच के लिये भेज दिया गया। निरीक्षण के समय वरिष्ठ लिपिक रविशंकर पाण्डेय उपस्थित रहे।



## जन सामान्य को दवा आदि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु जांच टीम गठित

शशिकांत ओझा ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देश के अनुक्रम में जन सामान्य को दवा आदि की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने हेतु टीम गठित है। जनपद बलिया के जिला चिकित्सालय / महिला चिकित्सालय एवं समस्त प्राथमिक / सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर उपलब्ध दवा के स्टाक / उपलब्धता के जांच हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में टीम गठित कर एक साथ 98 प्राथमिक / सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की जांच कराई गई। जिसमें 50 केन्द्रों पर स्टाक में भिन्नता पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी / कर्मचारी का स्पष्टीकरण मांगा गया।

## प्राथमिक विद्यालय शेखपुर में जलनिकासी का इंतजाम नहीं, पैदा हो रही है जलजमाव की स्थिति

रजनीश श्रीवास्तव, दैनिक समाज जागरण

सिकंदरपुर (बलिया) : शिक्षा क्षेत्र नवानगर अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय शेखपुर में, विद्यालय के हैंडपंप से निकले पानी, की निकासी की व्यवस्था नहीं होने से विद्यालय परिसर में ही पानी का जलजमाव हो रहा है। रसोईया द्वारा धोए गए बर्तन का गंदा पानी भी विद्यालय परिसर में ही फैलता रहता है। जलजमाव से विद्यालय के बच्चों को काफी सारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आलम यह है कि विद्यालय परिसर में पानी फैल जाने से बच्चों को खेलने कूदने में भी परेशानी होती है। अनचाहे बीमारियों का खतरा भी पैदा हो रहा है। वही विद्यालय में इस जल निकासी के लिए ना ही कोई चेंबर बना है ना ही कोई शिवर जिससे कि इस जलजमाव की समस्या का निस्तारण हो सके।




## छत से घर में उतर कर चोरों ने नकदी समेत आभूषण उड़ाया

कृष्ण मुरारी पांडेय, दैनिक समाज जागरण

नगरा ( बलिया) : थाना क्षेत्र के निकासी गांव में रविवार की रात चोरों ने छत से घर में उतर कर नकदी समेत जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घटना की तहरीर थाने पर दे दी गई है। पुलिस जांच में जुट गई है। घटना की रात उपेंद्र शेखर सिंह अपने कमरे में सोये हुये थे। उनकी मां बगल के कमरे में सोयी हुई थीं। सबसे पहले चोर छत पर चढे। इसके बाद आंगन में उतर गए। इसके बाद उपेंद्र जिस कमरे में सोये थे उस कमरे के दरवाजे को गमछे से बांध दिया। पुनः उनकी मां के कमरे के दरवाजे को भी गमछे से बांध दिया। इसके बाद चोरों ने उपेंद्र की मां के कमरे का ताला तोड़ कर उसमें रखे दो बक्से उठा लिये। घर से सौ मीटर की दुरी पर बक्से से 5 हजार नकद , सोने का एक जोडी झाला, टप्स, अंगूठी दो, मंगलसूत्र, पायल तीन जोडी, चांदी के 5 सिक्के, कील व बर्तन लेकर चंपत हो गये। उपेंद्र की भोर में जब नींद खुली तो कमरे से बाहर जाने की कोशिश किए लेकिन दरवाजा बाहर से बंधा हुआ था। शोर करने पर पास पडोस के लोगों ने पहुंच कर दरवाजा खोला। इसके बाद चोरी की घटना की जानकारी हुई। समाचार लिखे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नही हुई थी।



## सचित्र-- सीएचसी रतसर के गेट से हटाई गई अवैध दवा की गुमटियां, मचा हड़कम्प

रिपोर्ट जुनेद अहमद, दैनिक समाज जागरण रतसर (बलिया) : जिलाधिकारी के निर्देश पर रतसर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर अवैध रूप से गुमटी में संचालित सभी गुमटियों को रविवार के दिन नायब तहसीलदार सदर संत विजय सिंह के नेतृत्व में नगर पंचायत कर्मियों द्वारा हटा दिया गया। गौरतलब है कि बीते शुक्रवार को दिन औषधि निरीक्षक बलिया सिद्धेश्वर शुक्ला व मऊ के ड्रग इंस्पेक्टर की संयुक्त छापेमारी मे अवैध रूप से बिना लाइसेंस की गुमटियों में संचालित हो रही दुकानों के खिलाफ बड़ी कार्यवाई की गई थी । गुमटी में संचालित सभी दवा दुकानों को सील करके सभी दवाओं को जब्त कर लिया गया था और तीन दुकानदारों के विरुद्ध गड़वार थाने में मुकदमा पंजीकृत गया था। रविवार के दिन जिलाधिकारी बलिया के आदेश पर नायब तहसीलदार सदर के साथ ड्रग इंस्पेक्टर सीधेश्वर शुक्ला रवि पांडेय पूरी टीम के साथ पहुंचे और गुमटियों को हटवाने की कार्यवाई की जिससे भविष्य में फिर गुमटियों में दुकान संचालित ना हो। आज हुई इस कार्रवाई से पूरे क्षेत्र के दवा दुकानदारों में अफरा तफरी का माहौल रहा।

## गायत्री शक्तिपीठ महावीर घाट में विभिन्न विधाओं में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का होगा आयोजन

शशिकांत ओझा ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी,रामानुज यादव ने बताया है कि महानिदेशक, प्रान्तीय रक्षक दल/विकास दल एवं युवा कल्याण, उ०प्र०, लखनऊ के द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में सांस्कृतिक विधाओं में जनपद स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम/प्रतियोगिता का आयोजन पांच अगस्त दिन शुक्रवार को गायत्री शक्तिपीठ महावीरघाट, बलिया के हाल में दिन के 10.00 बजे से किया गया है।

उक्त कार्यक्रम में लोकनृत्य (फोक डांस), लोकगीत (फोक सांग), एकांकी (वन-एक्ट-प्ले), क्लासिकलवोकल (हिन्दूस्तानी), सितार वादन, बाँसुरी वादन, भरतनाट्यम नृत्य, कत्थक नृत्य, तबला वादन, वीणा वादन, मृदंगम वादन, हारमोनियम लाइट, गिटार वादन, एक्सटेम्पोर (एलोक्यूशन), कर्नाटक वोकल, मणिपुरी नृत्य, ओडिसी नृत्य व कुचिपुड़ी नृत्य के साथ ही साथ स्थानीय स्तर पर लोकप्रिय परम्परागत युवा उत्सव कार्यक्रमों का अयोजन होना निश्चित हैं। उक्त कार्यक्रम में जिनकी आयु 22 जनवरी 2023 को 15 वर्ष 29 वर्ष हो वही प्रतिभागी

## शत प्रतिशत श्रमिकों का गोल्डन कार्ड बनाया जाए : सीडीओ

शशिकांत ओझा ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : श्रम प्रवर्तन अधिकारी,रसड़ा, गणेश सिंह ने बताया है कि एक अगस्त को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत गोल्डन कार्ड बनाये जाने हेतु बैठक की गया। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि लक्ष्य का शत-प्रतिशत भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत निर्माण श्रमिको का गोल्डन कार्ड बनाया जाए उपरोक्त के क्रम में विशेष अभियान चलाकर 25 जुलाई से 14 अगस्त तक सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिकों का गोल्डन कार्ड सीएससी के माध्यम से बनया जा रहा है। जिसके द्वारा श्रमिक कामगार भाई अपना पंजीयन कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड एवं मोबाईल नम्बर लेकर नजदीकी सीएससी केन्द्र पर जाकर गोल्डन कार्ड बनाया सुनिश्चित करें। साथ ही 05 अगस्त से राशन वितरण के साथ कोटेदार के यहाँ विशेष रुप से कैम्प लगाकर आयुष्मान कार्ड भी बनाया जायेगा । बैठक में जिलापूर्ति अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर एवं सीएससी हेड द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## आधार नंबर एकत्रीकरण अभियान का हुआ शुभारंभ

शशिकांत ओझा ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार आधार नंबर एकत्रीकरण अभियान का शुभारंभ टीडी कॉलेज के राजेंद्र प्रसाद सभागार में हुआ।

मुख्य अतिथि के रूप में एडीएम राजेश सिंह ने अभियान का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के क्रम में भारत निर्वाचन आयोग का यह एक मजबूत कदम है। इससे प्रॉक्सी एवं फर्जी मतदान को रोकने में मदद मिलेगी। सरकार का लक्ष्य है कि अगले 31 मार्च तक अभियान को पूरा कर लेना है। उन्होंने वहां मौजूद सभी लोगों से और जनपद वासियों से अपील की है कि इस अभियान में सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर टीडी कालेज के प्राचार्य डॉ0 ओमप्रकाश सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अनिल कुमार सहित जिला निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी मौजूद थे।



## बसुंधरा राय को मिली हनुमानगंज के अध्यक्ष की कमान, राजेश प्रजापति बनें महामंत्री

शशिकांत ओझा ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण



बलिया : उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ बलिया के अध्यक्ष पंकज सिंह द्वारा संघ को मजबूत करने के लिए सक्रिय शिक्षा मित्र के आह्वान पर वसुंधरा राय को ब्लॉक मुख्यालय हनुमानगंज की कमान सर्वसम्मति दी। साथ ही महामंत्री राजेश प्रजापति को बनाया गया। उपाध्यक्ष सोनम मिश्रा व शिवजी यादव और संरक्षक हरेराम यादव को चुना गया।

इससे शिक्षा क्षेत्र हनुमानगंज के शिक्षा मित्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। अमित चेला मिश्र ने कहा कि श्रीमती राय के आने से हनुमानगंज में अवस्थित समस्त महिला साथियों में उत्साह का संचार होगा। अमृत सिंह ने कहा कि वसुंधरा राय बेहद ऊर्जावान ओजस्वी महिला हैं। इनके अध्यक्ष बनने से विगत 5 वर्षो से निराश हुए शिक्षा मित्रों के आशाओ पर श्रीमती राय पूर्ण रूप से खरी उतरकर सकारात्मक रूप से समस्याओं का निराकरण करके आगे बढ़ाएगी। दिलीप प्रसाद ने सबके निर्णय पर गहरी खुशी जाहिर करते हुए बसुंधरा राय को बधाई दिए। पूनम मौर्य ने कहा कि संघ ने श्रीमती राय को अध्यक्ष की जिम्मेदारी देकर उत्तम कार्य किया हैं। जिलाध्यक्ष पंकज सिंह ने वसुंधरा राय को बधाई देते हुए शुभकामना देते हुए उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ में एक नई ऊचाई पर ले जायेंगी। शुरू से ही श्रीमती राय ऊर्जावान सदस्य रही हैं। अब उन्हें नई जिम्मेदारी देते हुए बहुत प्रसन्नता हो रही हैं। बधाई देने में निर्भय कुशवाहा, गौतम प्रजापति, विनय निगम, राजीव कुमार, माया यादव, शोभा सिंह, ममता मिश्रा, पूनम मौर्य, अनीता पाण्डेय, विजय लक्ष्मी दुबे, रम्भा, सारिका, सोनम मिश्रा, विजय लक्ष्मी सिंह मंजू उपाध्याय स्वेता तिवारी, आदि शामिल रहे।

## यूपी बार काउंसिल के उपाध्यक्ष चुने गए बलिया के जयनारायण पांडेय

शशिकांत ओझा ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण



बलिया : राज्य विधिज्ञ परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का चुनाव रविवार को सकुशल शान्तिपूर्वक सम्पन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष के पद पर मधुसूदन त्रिपाठी, एडवोकेट, गोरखपुर तथा पाँचू राम मौर्य, एडवोकेट, हाईकोर्ट, इलाहाबाद को संयुक्त रूप से बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष पद पर विजयी घोषित किया गया तथा दोनों निर्वाचित अध्यक्ष की आपसी सहमति से तय हुआ कि प्रथम 6-6 माह पद पर रहेंगे। जबकि बार काउंसिल के उपाध्यक्ष पद पर बलिया के लाल जयनारायण पांडेय ने परचम लहराया है।

अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अमरेन्द्र नाथ सिंह, इमरान माबूद खान, बलवन्त सिंह, मधुसूदन त्रिपाठी तथा पाँचू राम मौर्य थे, जिसमें से अमरेन्द्र नाथ सिंह तथा इमरान माबूद खान ने अपना नाम अध्यक्ष पद के प्रत्याशी पद से वापस ले लिया। इस प्रकार अध्यक्ष पद पर तीन प्रत्याशी बलवन्त सिंह, मधुसूदन त्रिपाठी तथा पाँचू राम मौर्य के मध्य चुनाव हुआ, जिसमें कुल 26 मत पड़े।

अध्यक्ष पद पर मधुसूदन त्रिपाठी को 13 मत तथा पाँचू राम मौर्य को 13 मत प्राप्त हुए। चुनाव में दोनों अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों को 13-13 मत प्राप्त होने पर सदस्य सचिव / निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ल द्वारा मधुसूदन त्रिपाठी, एडवोकेट, गोरखपुर व पाँचू राम मौर्य, एडवोकेट, हाईकोर्ट, इलाहाबाद को संयुक्त रूप से बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष पद पर विजयी घोषित किया गया तथा दोनों निर्वाचित अध्यक्ष की आपसी सहमति से तय हुआ कि प्रथम 6 माह अर्थात 01 अगस्त, 2022 से 31 जनवरी, 2023 तक मधुसूदन त्रिपाठी अध्यक्ष रहेंगे तथा द्वितीय चरण में पाँचू राम मौर्य दिनांक 01 फरवरी, 2023 से 31 जुलाई, 2023 तक अध्यक्ष पद पर रहेंगे।

उपाध्यक्ष पद पर जय नारायण पाण्डेय को 14 मत तथा शिव किशोर गौड़ को 12 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार से सदस्य-सचिव / निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ल द्वारा उपाध्यक्ष पद पर जय नारायण पाण्डेय, एडवोकेट, लखनऊ को अधिकतम 14 मत प्राप्त होने पर निर्वाचित घोषित किया गया, जिनका कार्यकाल दिनांक 01 अगस्त 2022 से 31 जुलाई, 2023 तक रहेगा। उपरोक्त चुनाव में बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के समस्त 25 सदस्यों तथा महाधिवक्ता, उत्तर प्रदेश ने अपने मत का प्रयोग किया। उपरोक्त नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का कार्यकाल दिनांक 01अगस्त से 31.07.2023 तक के लिये प्रभावी होगा।

## नीजी भूमि में बनवा दिये पंचायत भवन, भूस्वामी अब नहीं खोलने दे रहे ताला

कृष्ण मुरारी पांडेय, दैनिक समाज जागरण

नगरा ( बलिया) : प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ ने सौ दिन की कार्य योजना के तहत हर गांव के पंचायत भवन, ग्राम सचिवालय को सौ दिन में पूरा करने का निर्देश दिया था। इस आदेश का असर नगरा ब्लाक में लेश मात्र भी दिखायी नहीं दे रहा है। कुछ तो अभी बने ही नहीं हैं तो कुछ नीजी भूमि में ही बनवा दिये गये हैं। ब्लाक क्षेत्र के गौवापार गांव में वर्ष 1995 में तत्कालीन ग्राम प्रधान व सचिव ने अनुसूचित जाति के एक व्यक्ति की निजी भूमि में ही बनवा दिया। भवन में टायल्स भी लगा दिया गया। वर्तमान सचिव अशरफ अली ने उक्त पंचायत भवन में 1.75 लाख की सामग्री कंप्यूटर सिस्टम , फर्नीजर भी रखवा दिये। सीसीटीवी कैमरा भी लग गया। सभी सामग्री रख कर सचिव ने भवन में ताला बंद कर दिया। इसके बाद भूमि मालिक के पुत्र ने भवन पर अपना दावा ठोंक दिया है और ताला खोलने से भी मना कर दिया है। पंचायत भवन में ताला बंद रहने से सरकार की मंशा पर पानी फिर रहा है। पंचायत सहायक को भी बैठने का स्थान नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस समय पंचायत भवन का निर्माण हुआ उसी समय अधिकारियों को भूमि की खतौनी देखनी चाहिये थी। यहां तक कि बिल्थरारोड के उपजिलाधिकारी भी मौके की तहकीकात कर चुके हैं। उन्होने भू स्वामी को आश्वासन दिया कि जमीन के बदले दुसरी जमीन दे दी जायेगी किंतु नतीजा सिफर रहा। ग्राम प्रधान अशोक चौरसिया का कहना है कि यह प्रकरण अब एसडीएम स्तर का हो चुका है। वही निर्णय लेगें। एडीओ पंचायत प्रमोद सिंह का कहना है पंचायत भवन के प्रकरण का शीघ्र ही निस्तारण किया जायेगा।



## आईआईटी के प्रोफेसर द्वारा दिया अर्जुन की भांति एकाग्र हो लक्ष्य साधने का मूलमंत्र

*-विद्यालय में शैक्षणिक सभा*
*-सनबीम स्कूल बलिया के छात्रों को प्रोफेसर आशीष पांडेय ने बच्चों को दिया मंत्र*

शशिकांत ओझा ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण



बलिया : जिले अगरसंडा ग्राम स्थित सनबीम स्कूल अपने विद्यार्थियों के हित हेतु सदैव प्रयत्नशील रहता है। विविध शैक्षणिक से लेकर क्रीड़ा क्षेत्र तक विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु हर संभव प्रयास करता रहा है इसी क्रम में एक अगस्त 2022 को विद्यालय प्रांगण में विद्यार्थियों को उनके भविष्य को उज्वल बनाने हेतु, उन्हें सतत प्रयास करते रहने हेतु आई आई टी के प्रोफेसर आशीष पांडेय के प्रेरणात्मक सभा का आयोजन किया गया।

विद्यालय के संकल्प सभागार में कक्षा 12वीं के मैथ्स ग्रुप के बच्चों को अपने चुने हुए विषय में एकाग्रचित होकर अध्ययन करने तथा उनमें सफलता प्राप्त करने हेतुकई महत्वपूर्ण टिप्स दिए। प्रोफेसर पांडे ने कहा कि कैरियर का प्रत्येक क्षेत्र अपने आप में महत्वपूर्ण है। यह भ्रम कतई नहीं होना चाहिए कि अमुक क्षेत्र ही हमारे लिए सब कुछ है।विद्यार्थियों को अपने रूचि के अनुसार कैरियर का चुनाव कर उन्हे हर कठिनाई का सामना पूरे उत्साह एवम एकाग्रता के साथ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि चाहे वह डिफेंस, आर्किटेक्चर, कमर्शियल, एयर होस्टेस, मास कम्युनिकेशन, होटल मैनेजमेंट ,कंप्यूटर साइंस मेक्निकल इंजीनियर आदि का क्षेत्र हो,आप कोर्स को भलीभांति पूर्ण कर कैरियर बना सकते हैं। इस दौरान बच्चों ने उनसे कैरियर चुनाव संबंधित प्रश्न पूछे। जिनका उन्होंने भली-भांति संतोषजनक जवाब दिया।

बता दें कि प्रोफेसर आशीष पांडेय बलिया जिले के मूल निवासी हैं जिन्होंने अपनी विद्यालयी शिक्षा बलिया के माल्देपुर स्थित नागाजी सरस्वती विद्या मंदिर से पूरी की तत्पश्चात भुवनेश्वर (उड़ीसा)के राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान(एन आई एस आई)से पंचवर्षीय एकीकृत बीएससी एवं एमएससी पूर्ण कर 2018 में उरबाना शैंपेन (यू आई यू सी) में इलिनोइस विश्व विद्यालय में प्रोफेसर वेरा मिक्योंग हूर के सानिध्य में अपनी पीएचडी पूर्ण की। वर्तमान समय में प्रोफेसर पांडेय इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट ऑफ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी दिल्ली में गणित विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है।

इस मौके पर विद्यालय के निदेशक डॉ कुंवर अरुण सिंह ने बच्चों को विषय विशेषज्ञों व कैरियर विशेषज्ञों से बराबर सलाह लेने की बात कही। कहा कि आज के बदलते परिवेश में तकनीक युक्त अनेक क्षेत्र महत्वपूर्ण हैं। कैरियर की अपार संभावनाएं हैं। बस आपको इच्छाशक्ति व लगन से निर्बाध चलते रहना है। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ अर्पिता सिंह ने भी बच्चों को कैरियर संबंधी सुझाव देते हुए कहा कि विद्यालय समय - समय पर आपके मार्गदर्शन हेतु तमाम क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ वर्कशॉप आयोजित कर रहा है। इसमें आप सबकी उपस्थिति अत्यंत आवश्यक है

## मातमी पर्व मुहर्रम के पहली तारीख का रात्रिकालीन जुलूस निकला मोहल्ला मिल्की से

*-धार्मिक पर्व*
*-जुलूस में सुरक्षा की रही कड़ी व्यवस्था, पुलिस रही तैनात*

रजनीश श्रीवास्तव, दैनिक समाज जागरण



सिकन्दरपुर (बलिया) : क्षेत्र में शनिवार की शाम मोहर्रम का चांद दिखाई देने के साथ ही इस्लामिक कैलेंडर के नए साल कि शुरूवात रविवार से हो गई।

31 जुलाई को पहली मुहर्रम हुई। मोहल्ले में कड़ी सुरक्षा के बीच रात्रिकालीन जुलूस निकाला गया। इस तरह मुहर्रम की दसवीं यानी यौमे आशूरा 9 अगस्त को मनाई जाएगी,उक्त जानकारी मोहल्ले की सदारत कर रहे सदर इम्तियाज अहमद नें दी।

इसी क्रम में मोहल्ला मिल्की से निकलने वाला पहली मोहर्रम का 'गोल (रात्रिकालीन जुलुश)रविवार की देर शाम को (10:00) बजे नूरानी मस्जिद स्थित बड़े चौक से निकाला गया जिसमें मिट्टी लाने की रश्म अदा करने के लिए मोहल्ले के "पांच चौकों" से निर्धारित मार्गो से होते हुए । ढोल तासे के साथ मोहल्ला बड्ढा स्थित कर्बला पर पहुंचे तथा वहां से मिट्टी लेकर एक बार पुनः अपनें निर्धारित मार्गो से होते हुए रात्रि को 2 बजे चौक पर पहुंच कर समाप्ति की गई। इस अवसर पर मोहल्ला गन्धी, मोहम्मद बड्ढा, मोहल्ला डोमनपुरा के सदर व हजारों की संख्या में मुस्लिम बन्धुओ ने भी इस रात्रिकालीन जुलुश में हिस्सा लिया । तथा अपने अद्भुत कला का प्रदर्शन किया तथा मातम करते हुए लाठी लड़ाने की रस्म अदा की। शासन के द्वारा जुलूस पर निगरानी रखने के लिए मोहल्ले के प्रति चौक 10-10 वॉलिंटियर्स की टीम बनाई गई थी, जो समय समय पर जुलूस को कंट्रोल करने का काम कर रहे थे। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टिकोण से क्षेत्राधिकारी सिकंदरपुर भूषण वर्मा, प्रभारी निरीक्षक सिकन्दरपुर पंकज कुमार सिंह, चौकी प्रभारी सिकन्दरपुर मुरारी मिश्रा, रईस अहमद दीवान, अखिलेश सिंह, एसओ नगरा, एसएचओ खेजूरी, एसएचओ सहतवार, एसएचओ बांसडीरोड, पकड़ी आदि पुलिस बल तैनात रहा।

## सेवानिवृत्त प्रधान आरक्षी को थाना पुलिस परिवार ने दी सस्नेह विदाई

ब्रजेश दुबे, दैनिक समाज जागरण



गड़वार (बलिया) : स्थानीय थाना परिसर के मीटिंग हाल में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। पुलिस विभाग में 42 साल की नौकरी के बाद अपना कार्यकाल को पूरा कर सेवानिवृत्त हुए दीवान ओमप्रकाश सिंह को प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पांडेय सहित थाना स्टाफ व गांव के सम्मानित लोगों ने माल्यार्पण कर अंगवस्त्रम से सम्मानित किया और सस्नेह विदाई दी।

उसके बाद दीवान को सभी लोगों ने उनको पैदल उनके आवास तक पहुंचाकर घर के लिए रवाना कर दिया। इसके पूर्व उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पांडेय ने कहा कि ओपी सिंह जैसे दीवान बहुत ही विरले मिलते हैं उनकी कार्यशैली से हम लोगों को भी सीख लेनी चाहिए। उनकी कार्यप्रणाली की जितनी भी प्रशंसा की जाए बहुत ही कम है। संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक खुद ही भावुक हो गए और उनकी आंखों में पानी आ गया। कार्यक्रम के अंत में सेवानिवृत्त दिवान ओपी सिंह ने सबका आभार प्रकट किया। समारोह को सौरभ कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर बालमुकुंद मिश्रा, इंस्पेक्टर अंशुमान यदुवंशी, इंस्पेक्टर बीपी पांडेय, संजय सिंह, शाहनवाज खान, रतसर चौकी प्रभारी गिरिजेश सिंह आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर एस-आई कालीशंकर तिवारी, फूलचंद यादव, संदीप यादव, शत्रुघ्न, मुंशी सूर्य देव यादव, नागेंद्र पांडेय, सतीश उपाध्याय सहित गणमान्य लोग व समस्त पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर चोरी के तीसरे आरोपी को बैरिया पुलिस ने किया गिरफ्तार

नित्यानंद सिंह, दैनिक समाज जागरण



बैरिया (बलिया) : विगत दिनों ट्रैक्टर चोरी में वांछित तीसरे अभियुक्त विकास यादव पुत्र लाल बाबू राय निवासी गोरिया छपरा, रिविलगंज, सारण बिहार को पुलिस ने सोमवार को वाहन चेकिंग के दौरान मांझी पिकेट के समीप से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार विकास यादव के पास से लोडेड पिस्टल भी बरामद किया गया।

एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि गत शुक्रवार को लीला छपरा, बैरिया निवासी सुशील गुप्ता के ट्रैक्टर को चोरों ने चुरा लिया था। जिसकी तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर 12 घंटे के अंदर ही दो चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से ट्रैक्टर व ट्रैक्टर चुराने के दौरान साथ रही दो स्कार्पियो को बरामद करने में सफलता प्राप्त किया था। जबकि दो आरोपी पुलिस के पकड़ से दूर थे। सोमवार को चौकी प्रभारी बांक बहादुर सिंह अपने हमराहियों के साथ बिहारी अपराधियों के क्षेत्र में आने की सूचना पर मांझी पिकेट बार्डर के समीप संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच वाहन चेकिंग के दौरान पहचाने जाने पर पुलिस द्वारा विकास को गिरफ्तार कर लिया गया। जमा तलाशी में विकास के पास से लोडेड पिस्टल व कारतूस भी बरामद किया गया। पुलिस ने विकास यादव को न्यायालय के सिपुर्द कर दिया।

## सरयू नदी खतरा बिंदु छूने को बेताब "नदी के उफान से उपजाऊ जमीन नदी में हो रहे विलीन"

-बढ़ा बाढ़ का खतरा
-घाघरा नदी में बाढ़ तेजी से उपजाऊ जमीन को ले रही अपने आगोश में ले

रिपोर्ट कृष्ण कुमार पांडेय, दैनिक समाज जागरण

बांसडीह (बलिया): यूपी में भले बारिश कम हो रही है पर नदियों के जलस्तर में उछाल बदस्तूर जारी है। जिले में सरयू नदी खतरा बिंदु छूने को आतूर है। किसानों और तटवासियों की फजीहत बढती जा रही है। बाँसडीह तहसील के उत्तर दिशा से सरयू नदी निकलते हुए रेवती बैरियां होते माझी पुल के पास (बिहार) छपरा के सरहद पर गंगा के साथ मिल जाती है।

तेजी से जलबढ़ाव के कारण सैकड़ों एकड़ उपजाऊ जमीन नदी में विलीन हो गई है । अभी भी तेजी से कटान जारी है। बांसडीह तहसील के कोटवा, मलाहीचक, सुल्तानपुर,चक्की दियर,टिकुलिया सहित कई गाँवो के किसान परेशान हैं। शनिवार की शाम चार बजे के रिपोर्ट के मुताबिक डीएसपी हेड गेज पर 63.220 जलस्तर मापा गया।खतरा बिंदु की बात करें तो यहां 64.01 है। तथा उच्चतम जलस्तर 66.00 है। लगातार जलस्तर में वृद्धि होने के कारण उपजाऊ जमीन कटान की चपेट में आ रहे हैं। जबकि रविवार को डीएसपी हेड में सरयू (घाघरा) सुबह आठ बजे 63.34 है जबकि खतरा बिंदु 66.00 है।वही चांदपुर में 56.53 मापा गया।यहां खतरा बिंदु 60.24 है। सरयू (घाघरा) अब खतरा बिंदु छूने के कगार पर है।

नदी का यह रौद्र रूप देखकर किसानों के माथे की चिंता की लकीरें बढ़ गई है। विवशता तो ये है कि उन्हें अपनी जमीन को बचाने का कोई उपाय नहीं सूझ रहा। सुरसा की तरह मुँह बाए नदी आए दिन कई बीघा उपजाऊ जमीन को अपने आगोश में ले रही है। पेड़ भी नदी में समाहित हो रहे हैं। जिससे दियारे के लोग भय में है।

***बाढ़ झेलने वालों की पीड़ा सिर्फ प्रभावित ही जानते***

गंगा और सरयू की बाढ़ झेलने वालों की पीड़ा सिर्फ उसके प्रभावित लोग ही समझ सकते हैं। ऐसा नहीं है कि अधिकारियों और सियासी लोगों को ये नहीं दिखता। इसके उपाय तो खूब होते हैं...योजनाएं बनतीं हैं, रुपये पानी में बहते हैं । लेकिन किसी ने शिद्दत से इन समस्याओं को दूर करने का प्रयास नहीं किया। नतीजा बाढ़ और कटान की समस्या ने कई गांव मिटा दिए तो वहीं हजारों लोगों को बेघर कर दिया। सच तो ये है कि अपने प्रचंड वेग में से नदियां घर और खेत नहीं काटती बल्कि लोगों का कलेजा काटती है।

## संक्षिप्त न्यूज

### जिलाध्यक्ष उदय यादव ने चंदन चौधरी को राजद जिलामहासचिव बनाए।

नवादा (आर्यन मोहन) समाज जागरण

नवादा:नवादा नगर के डोभरा पर मोहल्ला निवासी चंदन चौधरी को जिला राजद का कार्यकारी महासचिव बनाया गया है। जिलाध्यक्ष उदय कुमार यादव ने मनोनयन का पत्र जारी किया है।



मनोनयन के मौके पर पार्टी नेता श्रवण कुशवाहा, गौतम कपूर चंद्रवंशी सहित पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।
बता दें की चंदन चौधरी पार्टी के युवा चेहरे हैं। भीम आर्मी से जुड़े रहे हैं। पूर्व में बसपा से भी जुड़े रहे थे। अनुसूचित वर्ग के युवाओं में इनकी अच्छी पकड़ है। मनोनयन का पार्टी के नेताओं वी कार्यकताओं ने स्वागत करते हुए बधाई दी है। पार्टी नेताओं ने उम्मीद जताई है की चंदन चौधरी पार्टी को मजबूत बनाने में सक्रिय योगदान देंगे।

### मोहर्रम पर्व में शांति भंग करने वाले पर होगी कार्रवाई।

समाज जागरण

नारदीगंज,नवादाः- मुहर्रम पर्व को लेकर नारदीगंज थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति की बैठक आयोजित हुई।यह बैठक बीडीओ रंजीत कुमार, सीओ अमिता सिन्हा,थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में मुहर्रम के शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण आयोजन को लेकर लोगों से अपील की गई । इस अवसर पर बीडीओ ने कहा कि आप सभी जानते ही हैं कि कोरोना के पिछले लहरों के कारण हमें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। कोरोना के तीसरी लहर की आशंका जताई जा रही है। ऐसे में इसका ध्यान रखकर ही आगामी पर्व मनाना चाहिए। उन्होंने ने कहा कि मुहर्रम पर्व का आयोजन सरकार के गाइडलाइंस के अनुसार ही होना चाहिए। थानाध्यक्ष ने कहा कि आप मुहर्रम के इस पर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं। प्रशासन आपके साथ है। वही जुलूस में डीजे पर पूर्ण रूप से पाबंदी रहेगा। जुलूस निकालने के लिए जुलूस का लाइसेंस लेना अनिवार्य है। जुलूस में सिर्फ लाउडस्पीकर बजा सकते हैं।असमाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जायेगी। शांति भंग करने वालों पर विधिसम्मत कार्रवाई होगी।उपस्थित लोगों ने सहयोग दिलाने का भरोसा अधिकारियों को दिया। मौके पर मुखिया रणविजय पासवान,मुखिया अजय पंडित,मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष रामाधीन चौहान, मुखिया दिनेश कुमार, पूर्व सरपंच मो0 बारीक,दिनेश यादव समेत अन्य गणमान्य लोग शामिल रहे।



### पांच अगस्त को आयोजित होगा स्वास्थ्य जांच शिविर।

समाज जागरण

नारदीगंज,नवादाः-पेंशनर भवन नारदीगंज में आगामी पांच अगस्त को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच का आयोजन होगा। यह जानकारी पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद व सचिव श्रीकांत सिंह ने संयुक्त रूप से दिया। उन्होंने बताया आयोजित शिविर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज के सौजन्य से होगा। इस शिविर में प्रखंड के विभिन्न गांवों के पेंशनरों को निःशुल्क जांच की जांच केंद्र में कार्यरत चिकित्सक डा0 इरशाद हसन करेंगे। आयोजित शिविर में अधिक से अधिक पेंशनर को उपस्थित होने की अपील किया है।

### कचना में बंदोबस्त की गई भूमि को सीओ ने दिलाया दखल

समाज जागरण

पकरीबरावां प्रखंड के कचना गांव में बालेश्वर चौरसिया की बंदोबस्ती भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया।
सोमवार को कचना पहुंचे अंचलाधिकारी नरेंद्र कुमार एवं पकरीबरावां थानाध्यक्ष शिशुपाल ने भूमि को अवैध कब्जा से मुक्त कराते हुए पचार्धारी को दखल कब्जा दिलाया। इसकी जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी ने बताया कि बालेश्वर चौरसिया की बंदोबस्ती भूमि पर गांव के ही सीताराम यादव द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर जोत आबाद किया जा रहा था। इसकी शिकायत मिलने के बाद गांव जाकर उक्त भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया। साथ ही पचार्धारी को दखल कब्जा दिलाया गया। उन्होंने बताया कि जहां कहीं से भी इस तरह की शिकायत आ रही है, कार्रवाई की जा रही है।

### केवीके में पन्द्रह दिवसीय उर्वरक विक्रेताओं का अंतरजिला प्रशिक्षण शुरू

समाज जागरण

कौआकोल। प्रखण्ड के जेपी आश्रम सोखोदेवरा अवस्थित राजेन्द्र भवन में कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा,नवादा के बैनर तले उर्वरक विक्रेताओं/अनुज्ञप्तिधारकों का सर्टिफिकेट कोर्स के लिए समेकित पोषक तत्व प्रबंधन विषयक पन्द्रह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को किया गया। जिसका उदघाटन कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों ने संयुक्त रूप से किया। कोर्स कॉर्डिनेटर सह मौसम विभाग के वैज्ञानिक रौशन कुमार ने बताया कि पन्द्रह दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में नवादा के अलावे शेखपुरा,जमुई एवं लक्खीसराय जिला के तीस प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण अवधि के दौरान उर्वरक विक्रेताओं/अनुज्ञप्तिधारकों को कृषि को लेकर खेतों में प्रयोग की जाने वाली जैविक खादों,उर्वरकों आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। केवीके के वैज्ञानिक डॉ० धनन्जय कुमार,डॉ० जयवंत कुमार सिंह,डॉ० शशांक शेखर सिंह,रविकान्त चौबे,कोर्स कॉर्डिनेटर रौशन कुमार,अनुज्ञा भारती एवं अंगद कुमार आदि ने भी प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सम्बोधित किया। मौके पर पिन्टू पासवान समेत अन्य लोग मौजूद थे।



### विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना का हुआ आयोजन।

समाज जागरण

नारदीगंज,नवादाः-अखिल भारतीय खेत ग्रामीण मजदूर सभा के बैनर तले प्रखंड कार्यालय नारदीगंज के प्रांगण में सोमवार को धरना प्रदर्शन दिया गया। अध्यक्षता खेग्रामस प्रभारी सावित्री देवी ने की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा आज अकाल का पूरा भयावह स्थिति के चलते जनता को खाने को लेकर भुखमरी के कगार पर पहुंच चुका है। ऐसी स्थिति में नारदीगंज के जनता की मांग को हल करने का पहल हम लोग करेंगे। कहा गया हंडिया पंचायत के सीतारामपुर गांव से गरीबों को बेघर करने का नोटिस वापस लिया जाए एवं उसको बसाने का कार्य किया जाए,साथ ही , फाजिलपुर, रामें बसे गरीबों को पर्चा दिया जाए,नल जल के तहत भलुआ, फाजिलपुर ,सुंदरवन सीतारामपुर में पीने का पानी का इंतजाम किया जाए । इसके अलावा अन्य मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन दिया गया है। मौके पर जगदेव मांझी, बंगाली राजवंशी, रिंकी देवी, पर्वतीय देवी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## वारिसलीगंज विधायक अरुणा देवी चीनी मिल भूमि पर इंथनाल फेक्ट्री लगाने हेतुउद्योग मंत्री से मिली।

नवादा ब्यूरो (धर्म जीत सिन्हा) समाज जागरण

नवादा:करीब 30 वर्षों से बंद पड़ी वारिसलीगंज चीनी मिल की परती भूमि पर गन्ना आधारित इथनॉल प्लांट लगवाने की दिशा में स्थानीय विधायक अरुणा देवी ने कदम बढ़ा दी है। इन्होंने उद्योग मंत्री बिहार सैय्यद शाहनवाज हुसैन से मिलकर उक्त मांग का ज्ञापन सौंपी है।
जिसमें कहा गया है कि वारिसलीगंज चीनी मिल 1993 से बंद है। जिससे किसानों मजदूरों की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। यहां गन्ना आधारित इथनॉल फैक्ट्री लगने से किसानों मजदूरों को काम रोजगार मिलेगा और आर्थिक समृद्धि आएगी। मिल के पास 66 एकड़ जमीन है। इलाके में गन्ना की पर्याप्त खेती होती है। ऐसे में चीनी मिल की भूमि पर अविलंब गन्ना आधारित इथनॉल प्लांट लगाया जाए। बता दें की 199293 पेराई सत्र के बाद वारिसलीगंज चीनी मिल को घाटा दिखाकर बंद कर दिया गया था। तब से विधानसभा और लोकसभा चुनाव में यह मुद्दा बनता रहा है। एमपीएमएलए बन जाते है, सरकारें बदल जाती है, लेकिन यह मुद्दा जहां का तहां खड़ा रहता है। 2014 में लोकसभा चुनाव के दौरान वोट मांगने आए तब के भाजपा के पीएम उम्मीदवार और वर्तमान के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस चीनी मिल की चर्चा अपने भाषण में की थी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी चुनावी रैलियों में इसे उछालते रहे, लेकिन स्थिति जस की तस है। अब तो इस भूमि को बिहार सरकार बियाडा को सौंप दी है। फिर भी विधायक का इथनॉल प्लांट का पहल एक नई उम्मीद जगा रहा है। देखना है प्रयासों का नतीजा क्या होता है।



## आयुष्मान भारत के तहत विद्यालय स्वास्थ्य पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू।

समाज जागरण

नारदीगंज,नवादाः-आयुष्मान भारत के तहत विद्यालय स्वास्थ्य कार्यक्रम में गैर आवासीय पांच दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार से शुरू हुआ है। कार्यक्रम का आयोजन इंटर विद्यालय नारदीगंज में किया गया है। यह कार्यक्रम एक अगस्त से शुरू हुआ है,जो पांच अगस्त तक शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण में 35 विद्यालयों के 36 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।जिसमें नारदीगंज प्रखंड के 31 मध्य विद्यालयों के अलावा चार उच्च विद्यालय के शिक्षकों को प्रशिक्षण में शामिल किया गया है। बताया जाता है कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय भट्ट बिगहा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरनारायण पुर,उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिक्कू,उत्क्रमित मध्य विद्यालय पांचू बिगहा,उत्क्रमित मध्य विद्यालय पड़रिया समेत अन्य विद्यालयों के शिक्षकों को प्रशिक्षण में शामिल किया गया है। आयोजित प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के रूप में डा0 इंद्रदेव कुमार,शिक्षक कारु रजक,शिक्षक संजय भान के अलावा शिक्षिका नेहा शर्मा ने उपस्थित प्रतिभागियों को प्रशिक्षण देने का कार्य शुरू किया है। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षकों ने कहा प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य यह है कि विद्यालय में बच्चों का उम्र के अनुसार स्वास्थ्य व पोषण के बारें में,बच्चों के जीवन मे स्वास्थ्य व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करना,बच्चों और किशोरों में शुरूआत में ही बीमारियों को पता लगाना,और उसका इलाज करना, जिससे कुपोषित और एनिमिक बच्चों को पहचान कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और अस्पताल में रेफरल करना,विद्यालय में सुरक्षित मासिक धर्म हेतु स्वच्छ प्रथाओं को बढ़ावा देना,स्वास्थ्य और कल्याण राजदूतों के माध्यम से योग और ध्यान को बढ़ावा देना के अलावा बच्चों के लिए स्वास्थ्य कल्याण और पोषण पर अनुसंधान कर प्रोत्साहित करने की जानकारी दिया जा रहा है। मौके पर शिक्षक देवेन्द्र कुमार,योगेन्द्र प्रसाद सिंह,अमरेन्द्र कुमार,मीणा चौहान, कुमारी अंजू,ललिता कुमारी,सुनील चौधरी समेत अन्य शिक्षक प्रशिक्षण में शामिल हुए हैं।



## सरकार द्वारा प्रतिबंध लगाये जाने के बावजूद कौआकोल में हो रहा बालू का खनन पदाधिकारीयो की सांठगांठ में दिन के उजाले में होती है बालू की चोरी

समाज जागरण

कौआकोल। सरकार द्वारा प्रतिबंध लगाये जाने के बावजूद भी कौआकोल थाना क्षेत्र के विभिन्न नदी घाटों से इन दिनों अवैध रूप से बालू का खनन कर चोरी किए जाने का धंधा बेरोकटोक जारी है। जिससे सरकार को भारी राजस्व की क्षति पहुंच रही है। बालू माफियाओं द्वारा बिचौलिए की मदद से स्थानिय पदाधिकारियों से सांठगांठ कर दिनदहाड़े प्रखण्ड के नाटा नदी के मलाही घाट से बालू की चोरी करने का काम किया जा रहा है। ग्रामीणों की मानें तो प्रखण्ड के नाटा नदी के मलाही भोरमबाग बालू घाट से दिन में प्रत्येक दिन दर्जनों ट्रैक्टर से बालू का अवैध खनन कर उठाव किया जा रहा है। जिसे देखने के बाद भी प्रशासन अनदेखी कर रहा है। जिस कारण बालू माफियाओं के हौसले और भी लगातार बढ़ रहे हैं जिससे सरकारी राजस्व को भारी क्षति पहुंच रही है। जबकि जिले में एक जनवरी से बालू के खनन पर पूरी तरह से रोक लगा रखी गई है। तथा जिले के विभिन्न नदी घाटों से बालू की खनन तथा उठाव पर रोक लगाने की जबावदेही संबंधित स्थानीय थाने के ऊपर सौंपा गया है। बावजूद कौआकोल में रक्षक ही भक्षक बन इन दिनों बालू माफियाओं से सांठगांठ कर धड़ल्ले से बालू की खनन व उठाव करा रहे हैं। यहां तक कि बालू माफियाओं द्वारा श्मशान घाट को भी बख्शा नहीं जा रहा है। बालू का नदियों से जहां तहां उठाव कर लिए जाने से की स्थानों पर नदियों से निकलने वाली पुनः का रुख भी उल्टा हो गया है। जिससे किसानों को पटवन कार्य में भारी परेशानी हो सकती है। सूत्रों की मानें तो जब कभी खनन विभाग की टीम अवैध बालू खनन को लेकर छापेमारी करने की योजना बनाती है तो पहले ही स्थानीय पुलिस द्वारा बालू माफियाओं को समर्थन कर दिया जाता है। जिससे खनन विभाग की टीम पूरी तरह से कार्रवाई में खाली हाथ रह जाती है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने नवादा डीएम,एसपी सहित खनन विभाग के अधिकारियों से प्रखण्ड में हो रहे बालू की चोरी पर रोक लगाए जाने की मांग की है।



## अनुराग बने जिले का पहला कब मास्टर

समाज जागरण लखीसराय

भारत स्काउट गाइड के तत्वधान में आयोजित सात दिवसीय शिविर झारखंड के मधुपुर में आयोजित की गई जिसमें बिहार के लखीसराय जिले के सूर्यगढा.प्रखंड से अनुराग आनंद को लखीसराय जिला संगठन आयुक्त मृत्युंजय कुमार के द्वारा चयनित किया गया। जिसमें अनुराग आनंद ने सात दिवसीय शिविर में अपना योगदान देकर कब मास्टर का खिताब अपने नाम कर लिया तथा कब मास्टर बनाए जाने पर लखीसराय जिले में मध्य विद्यालयक में 5 साल से 11 साल का कब का ट्रेनिंग दें या फिर खुद का एक यूनिट खोलकर कब का प्रशिक्षण दें सकते हैं क्योंकि स्काउटिंग का सबसे प्रथम प्रवेश 5 से 11 साल के बच्चों के लिए ये कोर्स कब बुलबुल के नाम से जाना जाता है आज शिविर का अंतिम दिन प्रशिक्षण प्राप्त कर अनुराग आनंद अपने घर वापस लौटे अनुराग आनंद ने जानकारी देते हुए बताया कि शीविर में लुकर नाटक डांस प्रोग्राम के माध्यम से जनसंख्या नियंत्रण , शराब बंदी, दहेज प्रथा,बाल विवाह का नाटक करके संदेश दिया। शिविर का संचालन शिविर प्रधान के रूप में श्री सुप्रभात पोल कब सेक्शन, सोमा खासनवीस बुलबुल, सेक्शन,डॉक्टर पदमा गुहा अग्रवाल रेंजर सेक्शन ,वापी बोस, के द्वारा किया गया। शिविर में प्रतिभागियों को स्किन ऑफ ट्रेनिंग के अंतर्गत स्काउटिंग गाइडिंग के ज्ञान दिया गया। इस सात दिवसीय प्रशिक्षण के पूर्वी क्षेत्र गंगा नगर पश्चिम बंगाल के असिस्टेंट डायरेक्टर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षण में बिहार पूर्व मध्य रेलवे झारखंड के स्काउट गाइड ने भाग लिया है जिसमें कब मास्टर- 14, बुलबुल 19, रोवर-15, रेंजर 26 कुल संख्या 74 शामिल थे बब्लू गोस्वामी ने बताया कि 5-10 वर्ष तक बच्चों को स्काउटिंग में कब-बुलबुल कहा जाता है। इन बच्चों में सामाजिक भावना को बढ़ावा देने व खेल-खेल में शिक्षा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां चलाई जा रही है। प्रथम व द्वितीय चरण का प्रशिक्षण विद्यालय में तथा तृतीय चरण का प्रशिक्षण जिला स्तर पर दिया जाता है। प्रथम दिन मोगली व तारा की कहानी के माध्यम से नियम, प्रार्थना, झंडा गीत, भालू डांस, शेरखान वध, गीत आदि गतिविधियां करवाई गई। इस शिविर में विभिन्न राज्यों से आये प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया अनिंदिता मंडल एचडब्ल्यूबी रेंजर लीडर,संनचिता बॉस एचडब्ल्यूबी, विश्वजीत पाल , अभिषेक मंडल , पूनम प्रजापति वाप इत्यादि लोगों उपस्थित थे। स्काउट गाइड का मुख्य उद्देश्य सेवा भाव है। बाढ़, भूकंप, आगजनी व प्राकृतिक आपदा में लोगों की मदद के लिए स्काउट-गाइड हमेशा तैयार रहते हैं। जाति-धर्म से परे हटकर पीड़ितों की सहायता करना प्रमुख उद्देश्य होता है।



## बणावर में तीसरी सोमवारी पर भी जलाभिषेक किये।

जहानाबाद(,बरूण कुमार) समाज जागरण

मखदुमपुर (जहानाबाद )- प्रदेश के जाने-माने टिप्पणीकार व साहित्यकार हिमांशु शेखर ने जहानाबाद के मखदुमपुर प्रखंड अंतर्गत बराबर पहाड़ पर स्थित बाबा सिद्धनाथ महादेव मंदिर का दर्शन किया। उन्होंने कहा है कि बराबर पहाड़ को वाणावर पर्वत भी कहा जाता थ। इस पर्वत की ऊँचाई लगभग 12000 फीट है। यह ऐतिहासिक स्थल शिव भक्त वाणासुर दैत्य से जुड़ा हुआ है। इस पर्वत में सात अद्भुत गुफाएं भी है।
पर्वत के शिखर पर स्थित बाबा सिद्धनाथ महादेव मंदिर लोक आस्था का महाकेन्द्र है। इसे मगध का बाबाधाम भी कहा जाता है। सावन के महीने में यहां शिव भक्तों का तांता लगा रहता है। मंदिर तक पहुँचने के लिए पाताल गंगा इलाके से सीढियां बनी हुई है,लेकिन खड़ी चढ़ाई एवं लंबे मार्ग की वजह से अधिकांश शिवभक्त गऊघाट और हथियाबोर इलाके से यात्रा प्रारंभ करते है। इन इलाकों में कुछ ही दूरी तक सीढ़ी का निर्माण कार्य हुआ है,शेष मार्ग भगवान शिव के भरोसे छोड़ दिया गया है। शिव की भक्ति में इतनी शक्ति है, कि बच्चे, वृद्ध और जवान सभी इन्हीं कंकड़ीली और पथरीली मार्ग से होते हुए, बोल बम का नारा लगाते हुए, भगवान शिव के द्वार तक पहुँच जाते है।
पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने अपने मुख्यमंत्री काल के दौरान बराबर पहाड़ पर रोप वे लगाने का घोषणा किया था, लेकिन आज तक बिहार सरकार का यह वादा अधूरा रह गया है। राजगीर के पर्वत शिखर पर स्थित विश्व शांति स्तूप तक पहुंचने के लिए सीढ़ी और रोप वे दोनों की व्यवस्था है,लेकिन बराबर पहाड़ के लिए कोई व्यवस्था नही है। आज भी इस क्षेत्र के लोगों में यह धारणा है कि, यदि जीतनराम मांझी कुछ और समय तक मुख्यमंत्री के पद पर बने रहते, तो बराबर पहाड़ पर भी रोप वे का निर्माण कार्य संपन्न हो जाता और यह क्षेत्र भी राजगीर के समान पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होता!



सावन माह में संपूर्ण बराबर पहाड़ के क्षेत्रों में गंदगी का अंबार लगा रहता है। हमारे देश में धार्मिक स्थलों को पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित किया जा रहा है, एवं अधिकांश श्रद्धालु पिकनिक मनाने के ख्याल से आते है, यही वजह है कि बराबर पर्वत क्षेत्र में भी स्वच्छता का ध्यान नही रखा जाता है। यहां भी लोग भगवान शिव का जलाभिषेक करने के उपरांत भोजन बनाते है, एवं अपने पीछे गंदगी छोड़ जाते है। हर जगह प्लास्टिक के बोतल,खाली प्लेट,कूड़ा-करकट बिखरी पड़ी है। पर्यावरण के लिए यह बेहद नुकसानदेह साबित हो रहा है। आम जनता, पर्यटकों एवं प्रशासन को मिलकर स्वच्छता का ख्याल रखना चाहिए। धर्म स्थल पर गंदगी फैलाना महापाप है, एवं अनजाने में अनेक भक्तगण पाप का भागीदार बन रहे है। बराबर पर्वत क्षेत्र में पर्यटन की असीम संभावनाएं है। सरकार को बराबर पर्वत क्षेत्र में विकास योजनाओं को पूर्ण करना चाहिए, एवं आमजनों को भी स्वच्छता का ख्याल रखना चाहिए।

## सर्पदंश से गर्भवती महिला की हुई मौत, तीन मासूम बेटियों का सिर से उठ गया मां का साया

नवादा(आर्यन मोहन) समाज जागरण

नवादा :नवादा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव में सांप काटने से एक गर्भवती महिला की मौत हो गई। मौत के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। महिला 5 माह की गर्भवती बताई जा रही है। वही इस घटना से 3 बच्चियों के सिर से मां का साया उठ गया।
बताया जा रहा है कि विपिन मिस्त्री की पत्नी अंटू देवी सुबह में एक कमरा से गोइठा निकाल रही थी, तभी एक जहरीला सांप ने उसे काट लिया। आनन-फानन में परिजनों द्वारा महिला को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।
पति बाहर, तीन बेटियों संग रहती थी मृतका। मिली जानकारी के अनुसार महिला को केवल 3 बेटियां है। पति दूसरे प्रदेश में प्राइवेट जॉब करते हैं। घटना के बाद 9 वर्षीय अमृता कुमारी, 7 वर्षीय अनुष्का कुमारी एवं 5 वर्षीय अनोखी कुमारी के सिर से मां की ममता छीन लिया। लोगों का कहना है कि पति तो सब दिन बाहर में कमाते रहे हैं। महिला के ऊपर ही बच्चियों को पालने एवं तैयार कर स्कूल भेजने की जिम्मेदारी थी। हर कोई को यह चिंता सता रही है की तीनों बच्चियों की लालन पालन कैसे होगा। वहीं तीनों बेटियां अपनी मां के शव से लिपट कर उसे उठाने का प्रयास कर रही थी। तीनों को कुछ भी समझ में नहीं आ रहा था कि आखिर मेरी मां को क्या हो गया। इस दृश्य को देखकर हर किसी के आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहा था। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिये हैं।



## कांवरियों की सेवा में दिन-रात जुटे हैं पकरीबरावां के समाजसेवी

समाज जागरण

पकरीबरावां(नवादा) श्रावण मास में भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक का विशेष महत्व है। बड़ी संख्या में भक्तगण झारखंड के देवघर स्थित बैद्यनाथ धाम पहुंचकर बाबा बैद्यनाथ पर जलाभिषेक करते हैं। बिहार राज्य ही नहीं, दूसरे राज्यों के कांवरिया भी बाबा वैद्यनाथ के दर्शन हेतु बाबा नगरी देवघर पहुंचते हैं। सुल्तानगंज से गंगाजल लेकर कांवरिया 105 किलोमीटर की पैदल दुर्गम यात्रा कर बाबा नगरी पहुंचते हैं, जहां बाबा बैद्यनाथ के शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हुए उनका दर्शन करते हैं।
सुल्तानगंज से बाबा नगरी देवघर के बीच कांवरियों की सेवा के लिए जगह-जगह कांवरिया सेवा शिविर लगाया गया है, जहां कांवरियों के लिए ठहरने से लेकर भोजन तक की व्यवस्था की गई है।
पकरीबरावां प्रखंड के बुधौली पंचायत के पूर्व मुखिया व समाजसेवी मिथलेश पांडेय भी श्रावणी मेला शुरू होते ही कांवरियों की सेवा में जुट गए हैं। सुल्तानगंज से देवघर पैदल पथ पर दुम्मा बॉर्डर के पास श्री पांडेय द्वारा कांवरियों की सेवा के लिए कांवरिया सेवा शिविर बनाया गया है। यहां कांवरियों के ठहरने से लेकर उनके भोजन-पानी तक की उत्तम व्यवस्था की गई है। कांवरियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, श्री पांडेय एवं उनके सहयोगियों द्वारा इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा है। कांवरियों को मेडिकल सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।
श्री पांडेय ने बताया कि सुल्तानगंज - देवघर पैदल पथ पर दुम्मा बॉर्डर जहां से कांवरियों का काउंटिंग टिकट मिलता है, वहां से महज 500 मीटर आगे शिविर लगाया गया है। शुद्ध फलाहार, गर्म पेयजल, शीतल पेयजल, ग्लूकोज मिश्रित पेयजल, नींबू पानी, नींबू चाय आदि की व्यवस्था की गई है। डाक बम कांवरियों के लिए एनर्जी ड्रिंक की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि मेडिकल सुविधा भी शिविर में बहाल की गई है।
5 वर्ष पहले शुरू की थी कांवरियों की सेवा -
समाजसेवी मिथलेश पांडेय एवं उनके टीम द्वारा 5 वर्ष पहले कांवरियों के लिए सेवा शुरू की गई थी। तब से लगातार सेवा शिविर लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उन्होंने प्रत्येक वर्ष श्रावणी मेला के दौरान इस तरह का सेवा शिविर लगाने का संकल्प लिया है। उन्होंने नर सेवा को नारायण सेवा बताया है।
टीम के सदस्य छोटू पांडेय, संटू सिंह, विकास सिंह, राजीव रंजन विश्वास आदि ने अपने गृह जिला के साथ-साथ सभी आगंतुक कांवरियों को अपने शिविर में आमंत्रित किया है। कहा सभी कांवरिया बम एकबार उन्हें जरूर सेवा का मौका दें।
समाजसेवी के इस कार्य में राजू कुमार, शुभम कुमार सहित कई समाजसेवी जुटे हैं।



## हर घर झंडा अभियान को लेकर निकाली गई प्रभातफेरी

समाज जागरण

कौआकोल। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा झंडा फहराने को लेकर एसएसबी 29 वीं वाहिनी के जवानों द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को एसएसबी गया के कमांडेंट हरे कृष्ण गुप्ता के दिशा निर्देश पर स्कूली बच्चों के साथ प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी में प्राथमिक विद्यालय सोखोदेवरा एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोखोदेवरा के छात्र व छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रभातफेरी सोखोदेवरा गांव अवस्थित एसएसबी कैम्प से निकालकर पूरे सोखोदेवरा गांव का परिभ्रमण किया। इस दौरान स्कूली बच्चों के साथ साथ जवानों ने क्षेत्र के आम लोगों से अपने अपने घरों में तिरंगा फहराने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान एसएसबी कंपनी कौआकोल के कंपनी कमांडर इंपेक्टर राकेश कुमार ने जगह जगह पर लोगों व छात्रों को अपने देश के संविधान व अपने तिरंगे की महत्वों को भी बताया। साथ ही उन्होंने बताया कि इस रैली का उद्देश्य हर घर झंडा कार्यक्रम को लोगों के बीच पहुँचाना हैं। प्रभातफेरी में उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोखोदेवरा के प्रधानाध्यापक सुषमा कुमारी,प्राथमिक विद्यालय सोखोदेवरा के प्रभारी प्रधानाध्यापक ओम शंकर कुमार,शिक्षक अम्बेद कुमार,सुनीता कुमारी,कैलाश प्रसाद,विजय कुमार,विमलेश कुमार,पूजा सिंह,विनीता कुमारी,रेखा कुमारी,नेहा कुमारी,विजेंद्र राम के अलावे सैकड़ों स्कूली बच्चों ने भाग लिया। प्रभातफेरी में बच्चों द्वारा "आजादी का अमृत महोत्सव मनाना है,हर घर झण्डा फहराना है" का नारा भी लगाया गया।



## अरवल जिला लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के पदाधिकारियों ने बड़ी संख्या में आजीवन सदस्यता ग्रहण किये ---- सुरेन्द्र विवेक।

समाज जागरण

जिला ब्यूरो अरवल मृत्युंजय कुमार
अरवल :- लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह जमुई लोकसभा के लोकप्रिय युवा सांसद चिराग पासवान के निदेर्शानुसार प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक राजू तिवारी के आदेश पर प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र विवेक एवं प्रदेश सदस्यता प्रभारी संजय रविदास के द्वारा अरवल जिला मुख्यालय के होटल अशोका के सभागार भवन में आजीवन सदस्यता अभियान का शुभारंभ करने के लिए अरवल जिला लोजपा रामविलास के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता अरवल जिला लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने किया । बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र विवेक ने कहा कि सांसद चिराग पासवान के विकसित बिहार , सुंदर बिहार बनाने के लिए अरवल जिला लोजपा रामविलास के पदाधिकारियों ने बड़ी संख्या में आजीवन सदस्यता ग्रहण किये । आजीवन सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में कार्यकताओं में काफी उत्साह देखा गया । आजीवन सदस्यता बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश सदस्यता प्रभारी संजय रविदास ने कहा कि बिहार में पचास लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया जिसमें अरवल जिला के कार्यकताओं में काफी उत्साह को देखते हुए लगता है कि बिहार में अरवल जिला एक नम्बर स्थान पर रहेगा । बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने कहा कि अरवल जिला लोजपा रामविलास के संगठन को बिहार में एक नम्बर बनाना मेरी पहली प्राथमिकता है जो पूर्व कार्यक्रम आशीर्वाद यात्रा में कार्यकताओं के सहयोग से अरवल जिला में अपार जनसमर्थन मिला था । आजीवन सदस्यता अभियान बैठक में जिला उपाध्यक्ष अधिवक्ता दिग्विजय नारायण सिंह , जिला उपाध्यक्ष दीपक पासवान , जिला महासचिव विजय पासवान , जिला सचिव सुनील कुमार , जिला सचिव भीम पासवान , जिला कार्यकारिणी सदस्य अशोक कुमार , अरवल विधानसभा के संगठन अध्यक्ष रमेश रजक , किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष रामाज्ञा यादव , जिला उपाध्यक्ष नरेश पासवान , डॉक्टर शशि कुमार , शिव कुमार पासवान , वंशी प्रखंड अध्यक्ष महावीर पासवान , करपी प्रखंड अध्यक्ष सुबोध कुमार यादव , अरवल प्रखंड अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मुख्य रूप से शामिल हुए ।



# भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के प्रणेता बाल गंगाधर तिलक

**दैनिक समाज जागरण**
**गया ब्यूरो गजेन्द्र कुमार**

आज दिनांक 01 अगस्त 2022 को कांग्रेस पार्टी के तत्वाधान में महान स्वतंत्रता सेनानी, समाजसुधारक, विद्वान लेखक एवम् पत्रकार स्व बाल गंगाधर तिलक जी की 102 वीं पुण्यतिथि स्थानीय चौक स्थित इंदिरा गांधी प्रतिमा स्थल प्रांगण में मनाई गई।सर्वप्रथम इनके चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात उनके व्यक्तित्व एवम् कृतित्व पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सदस्य सह क्षेत्रीय प्रवक्ता बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी प्रो विजय कुमार मिठू ने किया तथा संचालन कांग्रेस सेवादल के संगठक टिंकू गिरी ने किया।

अपने अध्यक्षीय भाषण में प्रो विजय कुमार मिठू ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के राजनीतिक प्रवचन को बदलने वाले पंजाब के लाला लाजपत राय, महाराष्ट्र के बाल गंगाधर तिलक एवम् बंगाल के विपिन चंद्र पाल जो " लाल बाल पाल के नाम से प्रसिद्ध हुए थे, इन तीनो की तिकड़ी ने अंग्रेजी हुकूमत की चूल हिला कर रख दिए थे।



पूर्व विधायक मो खान अली ने कहा की राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से पहले आजादी की लड़ाई की कमान बाल गंगाधर तिलक जी बाखूबी संभाले हुए थे।

प्रो डा अनिल कुमार सिन्हा ने कहा कि बाल गंगाधर तिलक आजादी की लड़ाई को शुरूआती दौर में धार देने हेतु केसरी और मराठा दो अखबार भी निकलते थे, जिससे स्वतंत्रता संग्राम को काफी गति प्रदान हुई थी।

अंत में उपस्थित सभी वक्ताओं ने बाल गंगाधर तिलक के ये उक्ति " स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है " के नारो को बुलंद करते हुए राज्य एवम् केंद्र सरकार से बाल गंगाधर तिलक की जीवनी टैक्स्ट बुक में पढ़ाने एवम् सभी शिक्षण संस्थानों में इनके जन्मदिन एवम् पुण्यतिथि पर सेमिनार आयोजित कराने की मांग की।

कार्यक्रम को जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, विद्या शर्मा, युगल किशोर सिंह , अमरजीत कुमार, मो समद, असरफ इमाम, डा अहमद हुसैन मक्की, श्रवण पासवान, सुनील कुमार राम, विनोद उपाध्याय, सुजीत कुमार सिंह, शिव कुमार चौरसिया, उदय शंकर पालित, बाल्मिकी प्रसाद, जगरूप यादव आदि ने संबोधित किया।

# खजौली हरदेव बनारस जनता महाविद्यालय के सभगार में जदयू कार्यकताओं को संम्बोधित करते विधायक मीना कुमारी कामत.

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता**
**अमोद कुमार श्रीवास्तव**

हरदेव बनारस जनता महाविद्यालय के सभागार में सोमवार को जदयू पार्टी के संगठन मजबूती एव सदस्यता अभियान को लेकर प्रखंड़ जदयू अध्यक्ष पवन कुमार सिंह के अध्यक्षता में प्रखंड़ स्तरीय जदयू कार्यकर्ताओं की बैठक किया गया.इस बैठक के मंच संचालन जदयू प्रवक्ता गंगा प्रसाद सिंह द्वारा किया गया.इस दौरान बाबूबरही विधान सभा क्षेत्र के विधायक मीणा कुमारी कामत ने जदयू पार्टी की संगठन विस्तार एव जदयू की सदस्यता को लेकर उपस्थित कार्यकर्ताओ को संम्बोधित किया.विधायक ने कहा कि अगली माह से जदयू पार्टी की सदस्यता अभियान चलाया जाएगा.इस सदस्यता अभियान को लेकर सभी जदयू कार्यकर्ताओं द्वारा पंचायत स्तर पर डोर टू डोर संम्पर्क अभियान चलाकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा 17 वर्षो में पंचायत स्तर पर विकास कार्य किये है उस विकास को आम जनता के बीच परोसने को कहा.वही बैठक के दौरान विधायक ने खजौली एव बाबूबरही प्रखंड़ में सरकारी जमीन पर जदयू कार्यालय खोलने की बात कार्यकर्ताओं के बीच कही.वही बैठक में जदयू



कार्यकर्ताओं ने अंचल कार्यालय खजौली में दाखिल खारिज,जमाबन्दी एव जमीन की रसीद कटाने में भारी परेशानी की विधायक से अवगत कराया गया.वही प्रखंड़ प्रमुख कुमारी उषा ने संगठन की मजबूती पर चर्चा करते हुए कहा कि जदयू पार्टी की संगठन मजबूत है.लेकिन मजबूती को अधिक से अधिक मजबूती को लेकर प्रखंड़ स्तर पर महीने में एक बार प्रखंड़ स्तरीय जदयू कार्यकर्ताओं की बैठक करने की नसीहत दी.वही जदयू नेता रामराजी सिंह,जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष विलट प्रसाद सिंह,वरिष्ठ जदयू नेता महेंद्र प्रसाद सिंह ने संगठन पर चर्चा कर उपस्थित कार्यकर्ताओं को बारीकी समझाया.वही जदयू नेता डा. पवन कुमार सिंह,सुक्की पंचायत के सेवा निवृत्त शिक्षक राम चलित्तर सिंह ने सुक्की साईफन पुल पर सुरक्षा की दृष्टि कोन से पुलिस पिकेट खोलने की मांग की.वही जदयू के बिनोद सिंह,रामनारायण चौधरी,राम शोभित मंडल, मुखिया जय प्रकाश मंडल ने प्रखंड़ एव पंचायत स्तर पर लोगो को समस्या से विधायक को अवगत कराया गया.इस बैठक के मौके पर जदयू नेता अमरेश जैसवाल,नवीन कुमार चौधरी,वार्ड सदस्य धुरन दास,कमलेश कुमार सिंह,व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रखंड़ अध्यक्ष लक्ष्मण पंडित,विधायक सलाहकार अरुण कुमार सिंह,पूर्व सरपंच प्रभाकर सिंह,जगदीश मंडल,राम हिदर्य ,मुरारी चौधरी सहित दर्जनों कार्यकताओं मौजूद थे.

# प्लस टू प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय भैरोगंज में कदाचार मुक्त नवम एवं दशम वर्ग का टेस्ट परीक्षा हुआ संपन्न

**दैनिक समाज जागरण**
**बाका,,ब्यूरो चीफ उमाकांत साह**

चांन्दन/बांका, बिहार माध्यमिक शिक्षा निदेशक के निदेर्शानुसार प्लस टू प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय भैरोगंज में सोमवार 1 अगस्त को कक्षा नवम एवं दशम वर्ग की टेस्ट परीक्षा वर्ष 2022-23 का प्रिंसिपल अशोक कुमार यादव के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। ज्ञात हो कि बिहार माध्यमिक शिक्षा समिति के निदेर्शानुसार 26 जुलाई से 1 अगस्त तक होने वाली नवम एवं दशम वर्ग के लगभग 300 विद्यार्थियों का पहला टेस्ट परिक्षा लिया गया। वहीं प्रधानाचार्य श्री अशोक कुमार यादव के निर्देशन में द्वितीय पाली का परीक्षा समय निर्धारित रखी गई थी। जहां सभी छात्र छात्राएं अनुशासनात्मक का परिचय देते हुए परिक्षा में भाग



लिया। जिसमें विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाऐं भी अपनी कर्तव्य निर्वाहनता में सक्रिय भूमिका निभाई। खास बात यह रहा कि दशम एवं नवम वर्ग की माध्यमिक परीक्षा एक साथ कराया गया,जिसमें नवम वर्ग की परिक्षा 2 अगस्त को संपन्न कराया जाएगा। इस दौरान परिक्षा दे रहे छात्र छात्रों ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के मार्ग दर्शन से इस मुकाम तक पहूंचा हूं और आगे भी पढ़ लिख कर देश का सेवा करेंगे। इस मौके पर शिक्षक श्री जयप्रकाश गुप्ता, संजय कुमार मिश्र, योगेश कुमार विकास, सुनील कुमार, शिक्षिका श्रीमती प्रतिभा पाठक, श्रीमती सविता कुमारी, कार्यालय सहायक श्री सुरेंद्र प्रसाद यादव, आदेशपाल मुंशी मुर्मू , बुंदेल लाल आदि मौजूद थे।

# टीबी से संक्रमित माता भी करा सकती हैं अपने नवजात को स्तनपान- डॉ. सुरेशचंद्र सिन्हा

## संक्रमित माता के दूध से नहीं होता नवजात को नुकसान टीबी के एक्टिव मामलों की खोज के लिए चलाए जा रहे हैं अभियान।

**दैनिक समाज जागरण**
**(आरा,,अख्तर शफी निक्की)**

आरा, 1 अगस्त। जिला सहित पूरे राज्य में 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है। वहीं सरकार ने 2025 तक देश को टीबी रोग से मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। इसके तहत जिले में जिला यक्ष्मा केंद्र का टीबी के खिलाफ मजबूती से काम चल रहा है। टीबी की दवा नियमित रूप व अवधि तक खाने से यह पूर्णतः ठीक हो सकता है। चिकित्सकों एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार टीबी संक्रमित माताएं भी अपने नवजात को स्तनपान करा सकती हैं।

टीबी से संक्रमित माता भी करा सकती हैं अपने नवजात को स्तनपान- डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हाः

जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा ने बताया कि टीबी संक्रामक बीमारी जरूर है और इससे सुरक्षा के लिए सावधानी बरतना जरूरी है किंतु एक महिला जो कि टीबी से संक्रमित माता भी है वह अपने नवजात को आराम से स्तनपान करा सकती है उन्होंने बताया कि माँ के दूध में मायिकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस बैसिलि नहीं पाए जाते हैं और अगर माँ टीबी की दवा खा रही हो तो भी दूध में काफी कम मात्र में दवा का अंश प्रवाहित होता है इसलिए संक्रमित माता के दूध से उसके नवजात को कोई हानि नहीं होती है डा सिन्हा ने बताया कि स्तनपान कराते समय संक्रमित माता मास्क जरूर पहनें और यदि संभव हो तो अपना चेहरा शिशु की तरफ नहीं रखें। इससे दूध पीता शिशु संक्रमण से सुरक्षित रहेगा।



नए मरीजों की हो रही खोज :

डॉ. सिन्हा ने बताया जिले में टीबी मरीजों की खोज की जा रही है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग सजग है। सदर अस्पताल से लेकर अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में शिविर लगाकर लोगों की जांच की जाती है। इसके अलावा ईंट-भट्ठों, झुग्गी झोपड़ियों, धूल-मिट्टी से भरे कार्य स्थलों आदि पर समय जांच शिविर भी लगाए जाते हैं। अगर जांच में टीबी रोग के लक्षण पाएं जाते हैं, तो इसका इलाज शुरू किया जाता है। साथ ही, उसकी पूरी जानकारी निक्षय पोर्टल पर दी जाती है। उसके बाद टीबी के मरीजों को उचित खुराक उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार की तरफ से निक्षय पोषण योजना चलायी गई है। जिसमें टीबी के मरीजों को उचित पोषण के लिए 500 रुपये प्रत्येक महीने दिए जाते हैं। यह राशि उनके खाते में सीधे पहुंचती है।

एमडीआर टीबी हो सकता है गंभीर :

डॉ. सिन्हा ने बताया एमडीआर टीबी होने पर सामान्य टीबी की कई दवाएं एक साथ प्रतिरोधी हो जाती हैं। टीबी की दवाओं का सही से कोर्स नहीं करने एवं बिना चिकित्सक की सलाह पर टीबी की दवाएं खाने से ही सामान्यता एमडीआर-टीबी होने की संभावना बढ़ जाती है। लेकिन, उचित इलाज व दवाओं के सेवन से जिले के कई मरीज टीबी चैंपियन बन चुके हैं। भोजपुर जिले में टीबी रोगियों के लिए चलाई जा रही इस योजना के तहत 47 मरीजों का इलाज चल रहा है।

# सावन के तीसरी सोमवार केसरिया मय हुआ मन्दिर और शिवालय।

**दैनिक समाज जागरण**
**मधुबनी जयनगर**

जलाभिषेक पूजा पाठ को लेकर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा भक्तों का लगा रहा तांता।

बोलबम के जयकारें से भक्तिमय हुआ माहौल। सावन में दिखी दिवाली मंदिर शिवालयों में श्रद्धालुभक्त जनों कांवरियों की देर शाम तक उमड़ी अपार भीड़।

मधुबनी जिला के सीमांचल क्षेत्र स्थित जयनगर समेत अनुमण्डल क्षेत्र देवधा, लदनिया , बासोपट्टी के ग्रामीण क्षेत्र स्थित विभिन्न शिवालयों और मंदिरों में पवित्र श्रावण मास के तीसरी सोमवार को पूजा पाठ जलाभिषेक को लेकर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मन्दिरों अहले सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखने को मिला। जलाभिषेक पूजा पाठ को लेकर कांवरियों श्रद्धालुभक्त की लंबी कतार देखने को मिला। यह अपार भीड़ दो वर्ष बाद कोविड के बाद देखने को मिली है। वही क्षेत्र में बोल बम हर हर हर महादेव ॐ नमः शिवाय से जय घोष जयकारें से मन्दिर और क्षेत्र गुंजयमान हो रहा था और माहौल भक्तिमय हो गया। शनिवार और रविवार एवं सोमवार को जयनगर स्थित कमला नदी से श्रद्धालुभक्त जन और कांवरियों के द्वारा रिमझिम वर्षा का लुफ्त लेते हुए जलबोझकर झूमते नाचते गाते जाते हुए विभिन्न शिवालयों में पूजा पाठ और जलाभिषेक किया। कमला नदी परिसर पर्ण कुटी मंदिर के आसपास, शिलानाथ धाम समेत विभिन्न शिवालयों के समीप मेला का भी आयोजन किया गया है। मंदिरों और



कांवरिया पथ पर सड़क किनारे कांवरियो की सेवा के लिए भोजन ,पानी, शरबत, फल और मेडिकल टीम स्वयंसेवकों और विभिन्न संस्थाओं के द्वारा शिविर लगया गया। जिला क्षेत्र के कपिलेश्वर स्थान, उगना, डोकहर, कलना धाम, शिलानाथ धाम, डोकहर, बस्ती पंचयात स्थित जागेश्वर नाथ बाबा मंदिर बिहार का सबसे ऊंचा दुर्गा मंदिर , ग्रामीण क्षेत्र के पीठवा टोल स्थित भूतनाथ मंदिर, शहरी क्षेत्र के मेन रोड स्थित नागा बाबा महावीर मंदिर, कमला रोड राम जानकी मंदिर, मनोकामना काली मंदिर, भेलवा चौक महादेव स्थान समेत अन्य शिवालयों और मंदिरों में आस्था के साथ श्रद्धालुओं के द्वारा शिवालयों और मंदिरों में पूजा पाठ संध्या तक जारी रहा। सावन पर्व को ले शिवालयो एवं मंदिरों को रंग बिरंगे फूलों ,टिमटिमाती लाईट बती रौशनी से भव्यता से सजाया गया जो कि अतिर्मनिय मनमोह दृश्य लग रहा था। देर शाम शिवालयों में बाबा का भव्य श्रृंगार किया कर पूरे विधिविधान के साथ विशेष पूजा पाठ किया गया और भजन कीर्तन का दौर चलता रहा। बाबा का श्रृंगार देखने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही । जयनगर में कांवरियों के स्वागत और सुविधा के लिए अपने अपने घरों और कांवरिया पथ पर लाइट बती से सजाया गया था जो काफी अद्भुत सावन में ही दीपावली लग रहा था। मन्दिर और शिवालयों पर पुलिस प्रशासन की तैनाती थी। देर शाम तक पूजा पाठ को लेकर भक्तों का तांता लगा रहा ।

# सावन के तीसरे सोमवारी को क्षेत्र के अलग अलग मंदिरों में शिव के भक्तों ने पूजा-अर्चना की।

**दैनिक समाज जागरण**
**सिकन्दरपुर, बलिया**

सुबह से ही मंदिरों में भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। दूध, बेल-पत्र व जलाभिषेक करते हुए महिलाओं ने बड़ी संख्या में भगवान शिव की अराधना की। नगर के चतुर्भुज नाथ मंदिर में विशेष पूजा का आयोजन किया गया। यहां हजारों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। क्षेत्र के शिवालयों में सुबह से ही लोगों की कतारें लगना शुरू हो गई। सुबह से महिलाओं, युवाओं व वृद्धों ने महादेव को जलाभिषेक किया। मौके पर सभी मंदिरों को खूबसूरत लरियों से सजाया गया। महिलाओं व पुरुषों के लिए अलग अलग कतारों की सुविधा भी थी। बम भोले के भक्तों ने सावन मास के तीसरे सोमवार को शिवालयों में पूजा अर्चना की। हर



हर महादेव व बम भोले के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। सुबह पांच बजे से ही भक्त पूजा-अर्चना के लिए मंदिर का रुख करने लगे। शिवालयों के प्रवेश द्वार पर घंटे की ध्वनि सुबह से गूंजने लगी। बम भोले की जय, हर हर महादेव व बोल बम के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। भक्तों ने शिवलिंग पर गंगाजल, फूल, बेलपत्र, धतूरा व अक्षत चढ़ाकर पूजा अर्चना की। उमस के बावजूद शिव भक्त जलाभिषेक के लिए घंटों कतार में लगे रहे। भक्तों ने शिवलिंग पर दुग्धाभिषेक भी किया। तीसरे सोमवार को महिलाओं ने व्रत रखा। मंदिर में पूजा के दौरान शिवलिंग पर गंगाजल व बेलपत्र चढ़ाया।

# जिला इंटक बांका में मजदूर संगठन कार्यकारिणी की हुई बेठक

**दैनिक समाज जागरण**
**बाका,ब्यूरोः-उमाकांत साह**

जिला इंटक कार्यालय बांका में जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता जिला इंटक अध्यक्ष विनय कुमार कापरी के नेतृत्व में किया गया। जिसमें संगठन की मजबूती के लिए प्रखंड अध्यक्षों को पंचायत कमिटी और वार्ड कॉमेडी बनाए जाने का निर्देश जारी किया। कड़ी हिदायत करते हुए कहा कि इंटक में जो भी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी इंटक में रहकर पार्टी की बदनामी या छवि खराब करने वाले पदाधिकारियों को एवं कार्यकताओं को इंटक कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। वैसे पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को यूनियन के सदस्यों को सदस्यता से समाप्त कर दिया जाएगा। 6 साल के लिए वैसे कार्यकताओं को निष्कासित कर दिया जाएगा । आगामी 15 अगस्त 2022 को सभी वार्ड एवं पंचायत प्रखंड के



इंटक कार्यालय में सभी अपना अपना समयानुसार राष्ट्रीय ध्वज एवं झंडोत्तोलन करने का निर्णय लिया गया । वही राज खाद्य निगम में कार्यरत मजदूर न्यूनतम मजदूरी नहीं दिए जाने पर एवं लोडिंग अनलोडिंग मजदूरों को उनका वाजिब हक नहीं मिलने पर मजदूरों में आक्रोश जताया साथ ही साथ भवन निर्माण मजदूरों का निबंधन नहीं होने पर श्रम कार्ड कोई सुविधा नहीं मिलने पर बांका जिला इंटक कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। वही श्रावणी मेला के शुभ अवसर पर बाल श्रमिकों का शोषन पर गंभीरता से चांदन प्रखंड उपाध्यक्ष मुर्तजा अंसारी ने गंभीरता से चर्चा किया। इस बैठक में घोसी प्रखंड अध्यक्ष दिवाकर झा , शंभू प्रसाद सिंह,अमन राज, चांदन प्रखंड अध्यक्ष मुख्तार अंसारी, रंजू देवी, अनिता राय, सरदार गुड्डू यादव,विजय कुमार पाण्डेय,चितरंजन कुमार,करण कुमार,बब्लू यादव,राजू यादव, उमेश यादव, राहुल यादव आदि मौजूद थे।

# जश्न -ए- आजादी का अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर बिहार ग्राम रक्षा दल बिहार प्रदेश के द्वारा 15 अगस्त

**दैनिक समाज जागरण**
**अररिया,, इस्तेखार आलम**

स्वतंत्रता दिवस के पवित्र मौके पर सूबे बिहार के लाखों जवानों को सूचित किया जा रहा है कि अपने-अपने घरों पर राष्ट्रीय झंडा तिरंगा फहराने का आह्वान किया जा रहा है ' निश्चित अपने अपने घरों पर तिरंगा अवश्य लहराए

क्योंकि भारत का राष्ट्रीय ध्वज या तिरंगा हम सभी भारतीयों के लिए अत्यंत ही महत्वपूर्ण है ' ये हम सभी को देश के प्रति कर्तव्य की याद दिलाता है और राष्ट्रीयता और देशभक्ति की भावना को जागृत करता है ' भारत का राष्ट्रीय ध्वज केवल कपड़ों से बना कोई टुकड़ा नहीं हैं बल्कि ये वह भावना है जो देश के लिए महान क्रांतिकारियों को त्याग करने, सैनिकों को देश रक्षा में बलिदान करने और नागरिकों को देश के विकास करने और इसका सम्मान करने के लिए प्रेरित करती है '

भारत विश्व का सातवां सबसे बड़ा देश है इसे भारत, हिंदुस्तान और आर्यावर्त के नाम से भी जानते हैं, भारत एक ऐसा देश है जहां के लोग



अलग-अलग भाषा बोलते हैं और विभिन्न जाति, धर्म,संप्रदाय, और संस्कृति के लोग एक साथ रहते हैं ' इसी वजह से भारत को विविधता में एकता का देश कहा जाता है ' भारत का इतिहास अति प्राचीन,अति विशाल,अति गहरा है ' ज्ञान,विज्ञान, समृद्धि, कलाकारी, शौर्य और अध्यात्म से परिपूर्ण है ' जब भारत गुलामी की जंजीरों से बंधा हुआ था तब 15 अगस्त 1947 को देश अंग्रेजी हुकूमत से आजाद हुआ ' अब देश स्वाबलंबी के रास्ते में निरंतर आगे बढ़ रहा है '*रोज नई-नई ऊंचाइयों को छू रहा है ' स्वतंत्रता के 75 वर्षगांठ पर शुरू हुआ आजादी का अमृत महोत्सव स्वावलंबन की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है ' आजादी का अमृत महोत्सव 12 मार्च 2021 से मनाया जा रहा है और यह उत्सव 15 अगस्त 2023 को खत्म होगा ' जहां आजादी के 75 वर्षों में भारत ने विज्ञान, तकनीकी, कृषि, साहित्य, खेल आदि क्षेत्रों में उल्लेखनीय तरक्की की है ' बहुत कुछ पाया है, वही समय के साथ-साथ बहुत कुछ खोया भी है बीते 75 सालों में अपनी अंदरूनी समस्याओं, चुनौतियों के बीच देश ने ऐसा जरूर हासिल किया है जिसकी तरफ पूरी दुनिया आकर्षित हो रही है

# शिक्षा और साक्षरता विभाग भारत के शिक्षा मंत्रालय के तत्वाधान में स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार 2021-22 का आयोजन किया गया।

**दैनिक समाज जागरण**
**सत्येंद्र कुमार/बिहटा**

शिक्षा और साक्षरता विभाग भारत के शिक्षा मंत्रालय के तत्वाधान में स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार 2021-22 का आयोजन किया गया था जिसमे सभी तरह के स्कूलों को शामिल होना था जिसमें सरकारी और गैर सरकारी दोनों शामिल हुए थे। जिसमें बिहटा प्रखंड से जिलास्तरीय प्रतियोगिता में बिहटा प्रखंड के सरकारी विद्यालय मध्य विद्यालय तारानगर सिकरिया को स्वच्छता के लिये एवम बिहेवियर चेंज एवम कैपेसिटी बिल्डिंग के लिये



दो श्रेणी में , को स्वच्छता के लिये मध्य विद्यालय गुलमालिचक, टी पी उच्च विद्यालय बिहटा, केंद्रीय विद्यालय एयरफोर्स एवम केंद्रीय विद्यालय आई आई टी पटना जिला पदाधिकारी पटना के द्वारा जिलास्तरीय अवार्ड प्राप्त हुआ। इस पुरस्कार को प्राप्त करने वाले बिहटा प्रखंड के सभी सम्मानित विद्यालयों एवम उनके प्राचार्यो को बिहटा प्रखंड के नाम रौशन करने के लिये हृदय से आभार और बधाई दे रहा हूं और उम्मीद करता हु की वर्ष बिहटा प्रखंड के और अधिक विद्यालयों का चयन होगा।

# पुलिस अधीक्षक बलिया राज करन नय्यर के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों/वारंटियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सिकन्दरपुर पुलिस को सफलता प्राप्त हुई।

**दैनिक समाज जागरण बलिया बिहार**

थाना सिकन्दरपुर के प्र0नि0 श्री पंकज कुमार सिंह व निरीक्षक अपराध श्री रामायण सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना सिकन्दरपुर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 धारा 376अइ भादवि व 5/6 पाक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त सुभाष गौंड़ पुत्र स्व0 बाला गोंड़



निवासी करमौता थाना सिकन्दरपुर जनपद बलिया को सोमवार को बस स्टेशन चौराहा सिकन्दरपुर के पास से समय 08.30 बजे सुबह गिरफ्तार किया गया । थाना सिकन्दरपुर पुलिस द्वारा वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा दिया निरीक्षक अपराध श्री रामायण सिंह थाना सिकन्दरपुर ,का0 राज कुमार यादव , का0 आलोक शुक्ला थाना सिकन्दरपुर जनपद बलिया रहे

# मसौढ़ी ओल्ड फ्रेंड्स क्लब स्वतंत्रता दिवस पर फुटबॉल मैच का आयोजन करेगा।

**दैनिक समाज जागरण मसौढ़ी से नीरज कुमार**

मसौढ़ी थाना क्षेत्र के ऐतिहासिक गांधी मैदान स्थित विद्या एजुकेशन कार्यालय में मसौढ़ी फ्रेंड्स क्लब फुटबॉल क्लब के द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता विद्या एजुकेशन के प्रबंधक राहुल चंद्रा ने किया। इस बैठक में सर्वसम्मति से मसौढ़ी फ्रेंड्स क्लब का नाम बदल कर ओल्ड फ्रेंड्स क्लब रखा गया है। जानकारी के मुताबिक नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें ओल्ड फ्रेंड्स क्लब का अध्यक्ष राहुल चंद्रा, महासचिव



मुकुल कुमार, उपाध्यक्ष नगीना प्रसाद, संयुक्त सचिव एवं कोच इम्तियाज अहमद, सलाहकार सचिव श्री सुरेश प्रसाद, कोषाध्यक्ष चंदन कुमार, टीम मैनेजर शोऐब अहमद, ओल्ड फ्रेंड्स क्लब के कप्तान आनंद कुमार, उप कप्तान चंद्रभान सिंह, उप टीम मैनेजर सिंटू कुमार को बनाया गया।और स्वर्गीय रामाश्रय प्रसाद एवं एक दिवसीय फुटबाल मैच 15 अगस्त 2022 को स्वतंत्रता दिवस एवं आजादी के 75 वीं अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर भव्य फुटबॉल मैच का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। मौके पर उपस्थित अमन कुमार, चंदन कुमार, विक्रम कुमार, शुभम रफ्तार, धनंजय कुमार, छोटू कुमार, दीपू कुमार एवं मसौढ़ी के समाजसेवी मौजूद रहे।

# बिहटा स्थित बाबा बिटेश्वरनाथ मंदिर में सावन महीने के तीसरी सोमवारी पर जलाभिषेक को लेकर उमड़ा जनसैलाब

**दैनिक समाज जागरण सत्येंद्र कुमार/बिहटा**

बिहटाः- सोमवार को सावन के तीसरे सोमवारी पर बिहटा स्थित अति प्राचीन बाबा बिटेश्वरनाथ मंदिर में बाबा भोलेनाथ पर जलाभिषेक को लेकर सुबह से ही भक्तों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई जहां भारी संख्या में श्रद्धालु दूरदराज से पहुंचकर बाबा बिटेश्वरनाथ पर जलाभिषेक करने के लिए अपनी बारी का



इंतजार करते दिखे।मंदिर प्रशासन के तरफ से पुरुष और महिलाओं के लिए अलग व्यवस्था की गई थी महिलाओं के लिए अलग से बैरिकेडिंग और प्रवेश द्वार बनाया गया था तो वहीं पुरुष के लिए भी अलग से बैरिकेडिंग और प्रवेश द्वार बनाया गया था भीड़ को कंट्रोल करने के लिए पूजा समिति के लोग भी मंदिर के मुख्य द्वार से लेकर लाइन में खड़े दिख रहे थे। तीसरी सोमवारी पर बाबा बिटेश्वर नाथ मंदिर में काफी भीड़ देखी जा रही है।

# देशभक्ति झाकियों के साथ निकलेगा 101 मीटर का तिरंगा यात्रा= छात्र शक्ति टीम

**दैनिक समाज जागरण (जगदीशपुर से नीतीश भारद्वाज)**

राष्ट्रीय युवा छात्र शक्ति संघ संगठन के द्वारा जगदीशपुर खेल मैदान में भव्य तिरंगा यात्रा तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय सचिव प्रवीण पांडे और संगठन सदस्य गुड्डू कुशवाहा के द्वारा किया गया बैठक में तिरंगा यात्रा तैयारी पर चर्चा करते हुए कई तरह के देश भक्ति झांकी गाजे बाजे डीजे के साथ निकालने को लेकर विचार विमर्श किया गया जिसमें संगठन अध्यक्ष रितिक रोशन ने बताया



कि हर साल की भांति इस बार पूरे बिहार में तिरंगा यात्रा कोई जगह पर निकाला जा रहा है जो इस बार का तिरंगा यात्रा पूरे बिहार के लिए जगदीशपुर से ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा का घोषणा शब्द होगा इस बैठक में शामिल सदस्य गुड्डू कुशवाहा हरिओम यादव रंजन कुमार पूरन गुप्ता जय प्रकाश शर्मा प्रकाश मौर्या प्रवीण कुमार चंदन कुमार रवि राय सतीश कुमार प्रियांशु कुमार मुकेश कुमार अभिषेक चौधरी करण कुमार सिंह सहित कई युवा मौजूद रहे

# मातमी पर्व मोहर्रम का पहला अखाड़ा सकुशल संपन्न हुआ" लब्बेक या हुसैन की सदा से गूँजा सिकन्दरपुर।

**दैनिक समाज जागरण बलिया / बिहार**

सिकन्दरपुर में मातमी पर्व मुहर्रम के पहले अखाड़े के जलूस अपने परम्परागत मार्गो से होता हुआ सकुशल कर्बला में जा कर मिट्टी ले ने के बाद समाप्त हो गया।जलूस के दौरान पुलिस बल के साथ थाना प्रभारी पंकज सिंह व चौकी प्रभारी मुरारी मिश्रा तैनात रहे।जलूस के दौरान पुलिस के जवान काफी एलर्ट रहे। जलूस में युवाओ ने अपने सीने में गमे हुसैन लिए हुए मातम करते आपसी सौहार्द भाईचारे का परिचय देते हुए शांति के साथ कर्बला तक पहुँचे।वही सभी मोहल्ले के वैलेंटियर्स ने अपने काम को बखुबी अंजाम दिया ।



# बिहटाः-पत्नी ने शराबी पति को किया पुलिस के हवाले

**दैनिक समाज जागरण सत्येंद्र कुमार/बिहटा**

बिहटा/पटनाः- मामला बिहटा प्रखंड क्षेत्र के गुलामअलीचक का है, जहां एक पत्नी ने अपने पति को शराब पीने और मारने पीटने के आरोप में पुलिस के हवाले कर दिया है,वही गिरफ्तार पति की पहचान मनोज कुमार पिता स्वगीर्यः-रामचंद्र साव की रूप में की गई है, बताया जाता है की मनोज प्रति दिन शराब पी कर घर में पत्नी के साथ लड़ाई और मारपीट किया करता था,जिसके बाद उसकी पत्नी जिसका नाम सुषमा देवी है उसके करतूतों से तंग आकर अपने पति को पकड़ कर बिहटा थाना के हवाले कर दिया,जिसके बाद गिरफ्तार अभीयुक्त को बिहटा पुलिस ने आज नायायिक हिरासत में भेज दिया है।



## बजरंगबली पूजा समिति ने भक्ति सूर सागर कार्यक्रम का किया आयोजन।

**समाज जागरण**
**बगहा से नीरज मिश्रा**

भक्ति और देशभक्ति गीतों पर देर रात तक झुमते रहे लोग।

बजरंग बली पूजा समिति मलकौली पठखौली के तत्वावधान में महावीरी झंडा के पूर्व संध्या पर भक्ति सूरसागर कार्यक्रम का आयोजन किया । जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में माननीय अनुमंडल पदाधिकारी दीपक मिश्र और 21वीं वाहिनी के कमांडेंट प्रकाश मौजूद रहे । वही इस अवसर पर श्री बजरंगबली पूजा समिति ने उपस्थित पत्रकारों, कलाकारों और समाजसेवियों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया।

कार्यक्रम मे देशभक्ति की भावना भरने के लिए मुख्य अतिथि और कमांडेंट को भारतके राष्ट्रीय तिरंगा झंडा युक्त उपहार देकर सम्मानित किया गया। गीतकारों मे मुख्य रूप से मनोज यादव, राजन कुमार ,अनूप कुमार पाण्डेय और परमेश्वर जयसवाल के अलावे वाद्ययंत्र में ढोलक पर तारकेश्वर कुमार चौधरी, संतोष कुमार, गोविंद कुमार क को लोगों ने खूब सराहा ।तारकेश्वर कुमार ने जब माता पिता पर अपने गीत की प्रस्तुति दी। तो श्रोता झूमते नजर आए ।तारकेश्वर के मधुर के लिए सभी ने तारकेश्वर को बधाइयां दी। कार्यक्रम का संचालन श्री बजरंग बली पूजा समिति के अध्यक्ष निप्पू



कुमार पाठक ने किया। अपने संबोधन में निप्पू कुमार पाठक ने कहा कि भक्ति सूरसागर कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय कलाकारों को मंच देकर उनका उत्साहवर्धन करना है। अवसर पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अजय मोहन गुप्ता ,सुनील कुमार गुप्ता और समाजसेवी ने नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट की सदस्या शशि पांडे और श्रीमती लक्ष्मी खत्री के साथ-साथ डिप्टी कमांडेंट अंशुमान कुमार मुख्य अतिथि दीपक कुमार मिश्रा के साथ पधारे आशीष कुमार किशन कुमार एवं श्री बजरंग बली पूजा समिति के उपाध्यक्ष सुमन कुमार पाडेय सचिव रवि कुमार यादव व मधुसूदन कुमार यादव कोषाध्यक्ष जॉय सोधन यादव और राजन पाठक, विनय कुमार दुबे, पंकज कुमार पाठक ,प्रभु शर्मा, लल्लन यादव, सिकंदर यादव, मदन बैठा मैनेजर साह समेत दो दर्जन लोगों को अंग वस्त्र देकर एसडीएम बगहा और कमांडेंट के द्वारा संयुक्त रूप से सम्मानित करवाया गया । इस अवसर पर उपस्थित पत्रकार माधवेंद्र पांडे और जयप्रकाश वर्मा को भी सम्मानित किया गया ।अंत में श्री बजरंगबली पूजा समिति के बाल कलाकारों विनय कुमार पाठक, चंदन यादव ,विवेक दुबे ,आयुष्मान अर्क और मिठू कुमार को मोमेंटो से सम्मानित किया गया ।अपने संबोधन में एसडीएम ने कला और संस्कृति को शिक्षा का एक आवश्यक अंग बताए।

## 65वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बगहा द्वारा हर घर तिरंगा कार्यशाला का आयोजन किया गया।

**समाज जागरण**
**बगहा से नीरज मिश्रा**

65वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बेतिया शिविर बगहा के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत समवाय मुख्यालय परसा के बनहवा परसा गाँव मे निःशुल्क मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया । डॉ विनय अग्रवाल , कमांडेंट (चिकित्सा अधिकारी) 65वी वाहिनी तथा वाहिनी के चिकित्सा टीम की उपस्थिती इस शिविर का आयोजन किया गया जिसमे उक्त ग्राम के अलावा बनहवा मटियरिया एवं आस पास के गावों के लोगों के द्वारा लाभ लिया गया । उक्त कार्यक्रम के दौरान लगभग 280 लोगों की निःशुल्क जांच कर उन्हे संबन्धित दवा का वितरण किया गया, जिसमे पुरुष, महिलाए तथा बच्चो का इलाज किया गया ।

डॉ विनय अग्रवाल , कमांडेंट (चिकित्सा अधिकारी) 65वी वाहिनी के द्वारा गाँव को संबोधित करते हुए बताया गया कि इस तरह के कल्याणकारी कार्यक्रम समय समय पर वाहिनी के द्वारा सीमावर्ती इलाके मे रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य के लिए सदैव किया जाता रहा है जिसके अंतर्गत हाल ही मे दोन इलाके मे निःशुल्क मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा चुका है तथा आगे भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे । उक्त कार्यक्रम मे डॉ विनय अग्रवाल, कमांडेंट (चिकित्सा अधिकारी) 65 वी वाहिनी तथा वाहिनी के चिकित्सा टीम के अलावा मटियरिया सीमा चौकी के बल कर्मी और सैकड़ो की संख्या मे लाभार्थी मौजूद रहे ।

हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत ही वाहिनी मुख्यालय मे भी NGOs के साथ एक सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमे स्थानीय गैर स-रकारी संगठनों के अलावा स्वतंत्रता



सेनानी के परिवार जन भी उपस्थित थे । कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत सभी को जागरूक करना तथा 13 से 15 अगस्त 2022 तक हर घर तिरंगा के लक्ष्य को पूरा करना था । वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट श्री आर बी सिंह उप कमांडेंट के द्वारा द्वारा इस कार्यक्रम के माध्यम से बताया गया की वाहिनी द्वारा विगत 23-07-2022 से ही लगातार वाहिनी मुख्यालय तथा इसके समस्त सीमा चौकियों मे हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम कराए जा रहे है जिनमे स्कूली बच्चो, स्थानीय लोगो, अन्य संस्थाओं के कार्यक्रम के अलावा वाहिनी मे रक्त दान शिविर भी लगाया जा चुका है । आगामी दिनो मे भी विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम वाहिनी के द्वारा कराए जाएंगे जिनमे दिनांक 13 से 15 अगस्त 2022 तक हर घर तिरंगा का लक्ष्य रखा गया है जिसके अंतर्गत ही इन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है । महोदय के द्वारा कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया साथ ही यह निवेदन किया गया की वे अपने कार्यक्षेत्र के अंतर्गत उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने मे अपनी अहम भूमिका सुनिश्चित करें। वाहिनी के बल कर्मियों तथा उपस्थित अतिथियों के द्वारा वाहिनी प्रांगण मे ही पौधरोपन कार्यक्रम भी किया गया जिसमे अमरूद और जामुन के 20 पौधे लगाए गए।

कार्यक्रम मे श्री आर बी सिंह उप कमांडेंट/कार्यवाहक कमांडेंट 65वी वाहिनी, श्री भावेश धनवंत, सहायक कमांडेंट 65वी वाहिनी, श्री निपु पाठक, अध्यक्ष नैतिक जागरण मंच, बगहा, श्री मती लक्ष्मी खत्री, अध्यक्षा, जनी शक्ति फाउंडेशन, श्री मती शशि पांडे, सदस्य नैतिक जागरण मंच , स्वतंत्रता सेनानी उत्त-राधिकारी श्री अरबिन्द सिंह, श्री विजय पांडे , श्री नंदलाल प्रसाद, श्री वेद प्रकाश पाठक,श्री टुनटुन प्रसाद, श्री कृष्णा प्रसाद, श्री जयप्रकाश, स्व. गनेशिलाल जी की वधू, श्री अमरीश तिवारी, श्री पंकज तथा वाहिनी के बल कर्मी मौजूद थे ।

## परसौनी चौक पर फर्नीचर की दुकान में अचानक आग लगने से लाखो की संपत्ति जल कर हुई, राख।

**समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा**

बगहा अनुमंडल के बगहा पुलिस जिले के अंतर्गत चौतरवा थाना क्षेत्र के परसौनी चौक पर सोमवार की अहले सुबह करीब 5 बजे एक फर्नीचर की दुकान में आगलगी की घटना हुई है जिसमे लाखों का नुकसान हुआ है। दुकानदार सीताराम शर्मा ने बताया कि अचानक आग लग गई देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया घर मे रखे सिलेंडर में आग लग गई जिसको बुझाने का अथक प्रयास किया गया आग नही बुझ पाया सिलेंडर ब्लास्ट हो गया वहाँ मौजूद अंजू देवी पति सुभाष शर्मा, ईश्वर साह पिता श्री सतन साह व लालमती देवी पति गम्हा राम सभी ग्राम परसौनी थाना चौतरवा निवासी घायल हो गए है। घटना की पुष्टि मझौवा पंचायत के मुखिया रूदल मुसहर तथा पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि बबलू मिश्र ने कीया है। घटना की सूचना चौतरवा थाना को दे दी गई है। थानाध्यक्ष सुरेश कुमार ने बताया कि जांच की जा रही है अभी आवेदन प्राप्त नही हुआ है। आवेदन के आलोक में कार्यवाही की जाएगी।






## गुप्त सूचना के आधार पर एक शराब कारोबारी को 5 लीटर चुलाई शराब के साथ किया गया गिरफ्तार।

**समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा**

चौतरवा स्थानीय थाने की पुलिस ने रविवार की शाम एक शराब कारोबारी को पांच लीटर चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया थानाध्यक्ष सुरेश कुमार यादव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि एक कारोबारी अपनी बाईक से शराब लेकर जा रहा है इसकी सूचना के आधार पर थाने के जमादार मंटू कुमार राय के नेतृत्व में पुलिस दलबल के रायबारी महुअवा बगीचा पहुँचे की एक ब्यक्ति बाईक लेकर आ रहा है जब उसकी बाइक को रोक कर तलाशी ली गयी तो बाइक से पाँच लीटर चुलाई शराब मिली तथा उससे पूछताछ के क्रम में अपना नाम सनोज सहनी खजूरी गाँव निवासी बताया थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब के साथ बाइक को थाना लाया गया ,गिरफ्तार कारोबारी को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया ।




## सावन के तीसरे सोमवारी को पूजा करने के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**समाज जागरण भैरोगंज (विकास उपाध्याय)**

सावन के तीसरी सोमवारी को शिव मंदिर में पूजा करने के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी बगहा एक के बांसगांव मंझरिया स्थित शिव मंदिर में सोमवार को पूजा करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी जानकारी के लिए आपको बता दें कि सावन का महीना भगवान शिव का महीना माना जाता है और इसमें सोमवार का विशेष महत्व रहता है जिस दिन श्रद्धालु बढ़-चढ़कर भगवान शिव की पूजा करते हैं इसी दौरान मंझरिया में स्थित शिव मंदिर जिन्हें पिपलेश्वर महाराज के नाम से जाना जाता है वहां पूजा करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी मान्यता यह है कि यहां भगवान शिव भूगर्भ से प्रकट हुए हैं शिव मंदिर के सामने एक पोखरा स्थित है जिसको मानसरोवर के नाम से जाना जाता है यहां हर रोज पूरे 12 मास भगवान के पूजा कीर्तन आरती का आयोजन किया जाता है जिसमें ग्रामीण बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं मंदिर के पास स्थित पीपल अपने आप में एक इतिहास लिए खड़ा है कहा जाता है कि सच्चे मन और भाव से जो भी भक्त भगवान शिव की पूजा करता है उसकी मनोकामना पूर्ण होती है इस दौरान मौके पर मंदिर के पुजारी दिलीप गिरी सहित पूजा समिति के अरविंद पांडे ,हरे राम पांडे, कमलेश चौबे ,राकेश पांडे, बबलू तिवारी, छोटू कुमार, विकास उपाध्याय ,रमन उपाध्याय सहित अन्य ग्रामीण वा श्रद्धालु मंदिर परिसर में उपस्थित रहे



## विश्वविद्यालय स्थापना की स्वर्ण जयंती के अवसर पर एनएसएस कोषांग द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित

**स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाते हुए इस कार्यक्रम को सामूहिक रूप से हमलोग बराबर करते रहें- कुलपति**

**समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा**

दरभंगा जैसी प्रस्थिति होती है, वैसी ही हमारी विचारधारा बनती है। यदि हम गंदी जगह में रहेंगे तो हमारा विचार अच्छा नहीं हो सकता है। जितना स्वच्छता का माहौल परिवार, समाज या व्यवस्था में रहेगा, उतना ही अच्छा हमारा स्वास्थ्य भी होगा। उक्त बातें मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एस पी सिंह ने विश्वविद्यालय स्थापना की स्वर्ण जयंती के अवसर पर एनएसएस कोषांग द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में शामिल अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों को हरी झंडी दिखाकर विदा करते हुए कही। कुलपति ने स्वच्छता कार्यक्रम को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि हम लोग सामूहिक स्वच्छता को निरंतर संपादित करते रहें। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने स्वच्छता को स्वास्थ्य कार्यकर्म से जोड़ा है। हमारा परिसर व वातावरण स्वच्छ हो तो हमें बेहतर ज्ञान और प्रेरणा भी मिलती है।

कुलपति ने सभी पदाधिकारियों एवं छात्र- छात्राओं को इस बात की बधाई देते हुये कहा कि उन्होंने स्वच्छता को जीवन में अपनाया है तथा आज विश्वविद्यालय परिसर की स्वच्छता की योजना बनाकर कार्य कर रहे हैं ।इस अवसर पर खेल पदाधिकारी प्रो अजयनाथ झा, उपकुलसचिव प्रथम डा कामेश्वर पासवान, प्राचीन भारतीय इतिहास विभागाध्यक्ष डा उदय नारायण तिवारी, मैथिली विभागाध्यक्ष प्रो रमेश



झा, समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो शाहिद हसन, मिल्लत कॉलेज के प्रधानाचार्य डा इफतेखार अहमद, एनएसएस कोऑर्डिनेटर द्वय डॉ विनोद बैठा व डा आनंद प्रकाश गुप्ता, प्रेस मीडिया पदाधिकारी डा आर एन चौरसिया, मारवाड़ी कॉलेज से डा अवधेश प्रसाद यादव, सी एम कॉलेज से अखिलेश कुमार राठौर, के एस कॉलेज से डा अमित कुमार सिंहा व डा गुंजन कुमारी, डब्ल्यूआईटी से डा रश्मि कुमारी, मिल्लत कॉलेज से डा सोनी शर्मा, एमआरएम कॉलेज से डा सगुफ्ता खानम, एम के कॉलेज से डा चंदन ठाकुर, आर एन कॉलेज, पंडौल से डा गिरिजेश सिंह व डा मो मुनोवर आलम, कुलपति के सचिव सैयद मो जमाल अशरफ व विष्णु प्रभाकर सहित 70 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। स्वच्छता अभियान एनएसएस समन्वयक द्वय डा विनोद बैठा तथा डॉ आनंद प्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में चलाया गया। स्वयंसेवकों ने कुलपति आवास से स्नातकोत्तर नरगोना पलेस परिसर को स्वच्छ किया।

एनएसएस के विश्वविद्यालय समन्वयक डा विनोद बैठा ने कहा कि स्वच्छता अभियान का उद्देश विश्वविद्यालय परिसर को स्वच्छ रखना है।

यदि सभी छात्र अपने विभाग के साथ ही आसपास के परिसर को स्वच्छ रखें तो पूरा परिसर हमेशा स्वच्छ रह सकेगा। स्वयंसेवकों का यह कार्य प्रतीकात्मक एवं जागरूकता के उद्देश्य चलाया जा रहा है।

एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डा आनंद प्रकाश गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में मारवाड़ी कॉलेज से 11, सी एम कॉलेज से 10, एम के कॉलेज से 7, सी एम साइंस कॉलेज से 5, डब्ल्यू आई टी से 6, के एस कॉलज से 6, एमआरएम कॉलेज से 6, आर एन कॉलेज, पंडौल से 5 तथा पी जी डिपार्टमेंट से 10 स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

## रिजल्ट प्रकाशित नहीं होगा तो कॉलेज में तालाबंदी करेगी विद्यार्थी परिषद

**समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा**

आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई अंधराठाढ़ी के कार्यकताओं ने ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक प्रथम खंड वाणिज्य के परिणाम में लुटन झा महाविद्यालय, ननौर का परिणाम जारी नहीं करने के विरुद्ध परीक्षा नियंत्रक का पुतला दहन किया गया साथ ही परीक्षा नियंत्रण और कुलपति के विरुद्ध जम कर नारेबाजी भी हुई. छात्रों का कहना था कि विश्वविद्यालय द्वारा 28/07/22 को शाम में रिजल्ट प्रकाशित किया गया लेकिन लूटन झा महाविद्यालय का रिजल्ट हि नहीं निकला और रिजल्ट कब निकले गा इसकी कोई सूचना विश्वविद्यालय के द्वारा नहीं दिया




गया विश्वविद्यालय में कई छात्रों को 100 अंक के एग्जाम में 151 अंक प्राप्त हो गए है ऊपर से फेल भी दशार्या गया है हद तो तब हो गई जब एक पेपर में शून्य अंक देकर उसे पास कर दिया गया अगर एक सप्ताह के अंदर रिजल्ट प्रकाशित नहीं हुआ तो कॉलेज में तालाबंदी व आमरण अनशन पर बैठेगी विद्यार्थी परिषद इस मौके पर अभाविप मधुबनी के जिला संयोजक विष्णु विज्ञान झा, नगर मंत्री निखिल झा, प्रखंड संयोजक मनीष झा, मिडिया प्रभारी मुकुंद झा, नगर सह मंत्री नितीश झा, सुरेश झा, सरोज कुमार , नीरज कुमार , परमानंद झा, नटवर झा, कृष्णा मुखिया , अमित कुमार मंडल, मुकेश कुमार , बसंत झा, मोहन झा, रोहन झा, सागर मिश्रा, सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे.

## वर्ग नियमित करने पर एमएसयू ने प्रो. प्रेम मोहन मिश्रा को किया सम्मानित

**समाज जागरण**
**विकास कुमार दरभंगा**

मिथिला स्टूडेंट यूनियन के विश्वविद्यालय अध्यक्ष आदित्य मिश्रा के नेतृत्व में रसायन शास्त्र के एचओडी प्रोफेसर प्रेम मोहन मिश्रा को सम्मानित करने का काम एमएसयू के सदस्यो ने किया हैं इस बात की जानकारी देते हुए मिथिला स्टूडेंट यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता अमन सक्सेना ने कहा सोमवार को संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता अमन सक्सेना विश्वविद्यालय अध्यक्ष आदित्य मिश्रा विश्वविद्यालय संरक्षक सागर सिंह उपाध्यक्ष संदीप कुमार सोनू संगठन के सदस्य गुलफाम रेहमानी व जावेद अख्तर ने प्रो प्रेम मोहन मिश्रा को बुके और माला पहना कर सम्मान करने का काम किया हैं इस बाबत वक्ताओं ने कहा पूरे विश्वविद्यालय में एकमात्र प्रोफेसर है जो छात्र हित को लेकर अकसर सुर्खियों में रहते हैं कोरोना काल में ऑनलाइन क्लास करवाने की बात हो या वर्ग में छात्रों की उपस्थित के लिए उठाये गए कदम इनका कोई जवाब नहीं हैं जुलाई में इनका स्थानांतरण एमएलएसएम कॉलेज से पीजी रसायन विभाग में कर दिया गया जिसके बाद वर्ग में छात्रों की उपस्थिति के लिए विभिन्न तरह से प्रयास इनके द्वारा किया गया पहले छात्रों को फोन किया गया फिर छात्रों के अभिभावक से बात कर छात्रों को वर्ग भेजनें के लिए अपील किया जिसका असर यह हुआ की



पुरे विभाग में लगभग 50 प्रतिशत छात्र रोजाना क्लास करने लगे छात्रों को ऑनलाइन के माध्यम से भी पढ़ाने जाने लगा ऐसे छात्र जो कोई भी क्लास अटेंड नहीं कर पाया या फिर 50 प्रतिशत से कम क्लास किया हैं ऐसे किसी भी छात्र का सीआईए का परीक्षा नहीं लिया गया सभी के परीक्षा लेने पर तत्काल रोक लगा दिया गया हैं यह एक अच्छा कदम हैं जिसका एमएसयू समर्थन करता हैं अगर कोई शिक्षक छात्रों को पढ़ाने के लिए इस तरह का कदम उठाते हैं फिर भी छात्र वर्ग तक नहीं पहुंच पा रहे हैं तो ऐसे छात्रों को परीक्षा देने से रोक देना ही चाहिए जैसे प्रो प्रेम मोहन मिश्रा सर ने किया हैं हालांकि सभी छात्र भी प्रो के बातो से सहमत नजर आये हैं और आगे से क्लास करने की बात कही हैं जिसको देखते हुए आज एमएसयू के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया और रासायन विभाग में जाकर प्रो प्रेम मोहन मिश्रा सर का सम्मान करने का काम किया हैं एमएसयू के सदस्य ने कहा प्रो मिश्रा हम सबको प्रेरणा देने का काम कर रहे हैं की व्यस्था कैसी भी हो अगर आपका सोच ईमानदार हो तो बदलाव किया जा सकता हैं कोई भी व्यक्ति अपने किसी भी पद पर बैठ कर अपना काम ईमानदारी से करेंगे तो इसका फायदा सभी लोगो तक पहुंच सकता हैं इस तरह का कदम सभी प्रोफेसर को उठाना चाहिए ताकि डिग्री बांटने वाले इस विश्वविद्यालय में शिक्षा का भी कोई जगह हो सके छात्रों को अच्छी शिक्षा मिल सके एमएसयू प्रोफेसर मिश्रा सर का तहे दिल से धन्यवाद करता हैं.

## भगदड़ : मधुबनी के कपिलेश्वर नाथ मंदिर का पट खुलते ही मची भगदड़.. कई श्रद्धालु हुए जख्मी

**समाज जागरण मुरारी झा**

मधुबनी मिथिलांचल के बाबा बैजनाथ कहे जाने वाले कपिलेश्वर नाथ के



मंदिर में भगदड़ मच गई जिसमें कई श्रद्धालु घायल हो गए.इन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

मिली जानकारी के अड्डुसार सावन की तीसरी सोमवारी को लेकर कपिलेश्वर नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी थी और मंदिर का पट खुलते ही भीड़ मंदिर अंदर एक साथ प्रवेश करने लगी,जिसकी वजह से भगदड़ मच गई.इस भगदड़ में आधा दर्जन से ज्यादा श्रद्धालु घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए स्थानी पीएचसी में भर्ती कराया गया..वहीं गंभीर रूप से घायलों को डीएमसीएच रेफर कर दिया.

भगदड़ की सूचना के बाद स्थानीय पुलिस के साथ ही डीएसपी मौके पर पहुंचे और मंदिर समेत अन्य स्थलों पर सुरक्षाकर्मियों की तैनाती कराई ताकि इस तरह की भगदड़ को रोका जा सके.

## स्वर्ण जयंती के अवसर पर होने वाले प्रतियोगिता की श्रृंखला में रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा**

नागेंद्र झा महिला महाविद्यालय में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती के अवसर पर होने वाले प्रतियोगिता की श्रृंखला में रंगोली प्रतियोगिता, मिथिला चित्रकला प्रतियोगिता एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए संचालक डॉक्टर महादेव झा ने मिथिला विश्वविद्यालय की स्वर्णिम अध्यायों को उद्धृत करते हुए उपस्थित सभी शिक्षकों का अभिवादन किया एवं प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की। आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ रंजना झा कर रही थीं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी उपस्थित शिक्षकों ने बच्चों को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ प्रेरित भी किया। कार्यक्रम की संयोजिका समाजशास्त्र विभाग की प्राध्यापिका एवं खेल पदाधिकारी, सरोज राय ने शुरूआत में प्रतियोगिताओं से संबंधित नियमों की जानकारी



प्रतिभागियों को दी एवं चित्रकला मेहंदी कला एवं रंगोली का पारिवारिक और सामाजिक जीवन में महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में प्रतियोगिता की निर्णायक टीम में डॉ सुधा ठाकुर, मनोविज्ञान विभाग ,डॉ अपर्णा झा, अंग्रेजी विभाग ,तथा डॉक्टर ममता रानी ,भूगोल विभाग एवं एनसीसी पदाधिकारी शामिल थीं। उपस्थित शिक्षकों में अशोक कुमार मिश्रा ,सुधीर मिश्रा, सुनील चौधरी ,पीके साहू ,श्वेता जयशंकर, डॉ विनीता कुमारी, साधना ठाकुर ,डॉ वीणा मिश्रा, कुमकुम मिश्रा, रेखा झा आदि उपस्थित थे।

बड़ी संख्या में छात्राओं ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लेकर यह प्रदर्शित किया की चित्रकला, रंगोली एवं मेहंदी जैसी पारंपरिक कलाओं में भी छात्राएं उतनी ही निपुण है जितनी विद्याभ्यास में। ज्ञातव्य है की मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सुमेधा द्वितीय स्थान पर राजनंदिनी एवं तृतीय स्थान पर सुंदरम रहीं। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सुमेधा, स्थान पर महिमा सिंह एवं तृतीय स्थान पर मानसी सुंदरम रहीं। वहीं मिथिला मिथिला चित्रकला प्रतियोगिता में काजल कुमारी प्रथम , रश्मि द्वितीय एवं महिमा सिंह तृतीय स्थान पर रही।

## सुबह से ही शिवाला में भक्तों का लगा लगा तां ता।

भागलपुर समाज जागरण /टीम भागलपुर (राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी /नवगछिया से शक्ति ठाकुर, पुरुषोत्तम ठाकुर /पीरपैंती से केदारनाथ पाण्डेय )

सावन महीने के तीसरे सोमवार के दिन स्थानीय भागलपुर के बाबा बृदधेशवरनाथ महादेव, गोनू धाम महादेव ,पिपपली धाम के नीलकंठ महादेव ,बिहपुर के बाबा ब्रजलेश्वरनाथ महादेव ,पीरपैंती के मनोकामना नाथ मंदिर में, कहलगांव के बाबा वटेशवरनाथ महादेव ,लक्ष्मीपुर में योगी बाबा मंदिर, रिफात पूर जांगली बाबा मंदिर,जलासिंधु महादेव मंदिर और बाराहाट शिव मंदिर में सुबह 3:00 बजे से ही भक्तों का ताता लगा रहा। बोल बम और हर हर महादेव के जयकारे के साथ भक्त भगवान की आराधना करने में तल्लीन थे। देर शाम तक मंदिरों में आवाजाही जारी रही। संध्या में भजन जागरण का भी आयोजन किया गया। लोगों ने बाबा भोलेनाथ



का अभिषेक और श्रृंगार पूजन भी किया। लोगों का कहना है कि बाबा मनोकामना नाथ जोड़ा शिवलिंग है जो लोगों की मनोकामना को पूरा करता है। लोगों को भोलेनाथ पर आस्था और विश्वास है ।लोग सुबह से लेकर देर शाम तक भजन पूजन का आयोजन किए और उस का आनंद लेते रहे। लगातार बोलबम और हरहर महादेव के जयघोष से पूरा जिला गुंजायमान रहा ।आज का पुरा दिन भक्तिमय रहा वही सुल्तानगंज मे जिला प्रशासन के सौजन्य से मुंबई से आये कथाकारों एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा आयोजित भक्ति जागरण से कावरियों को मंत्रमुग्ध कर दिया गया ।जिसका आनंद कांवरिया देर रात तक लेते रहे और कावरिया बम भोले के भक्ति मे झूमते दिखे ।

## बिहार राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ,पटना ने एमबीबीएस तृतीय वर्ष के मेडिकल- छात्र प्रत्यूष नारायण को किया सम्मानित

**समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा**

दरभंगाः जिला निवासी डा अंजू कुमारी तथा डा आर एन चौरसिया के बड़े पुत्र प्रत्यूष नारायण को बिहार राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा पटना में 31 जुलाई, 2022 (दिन रविवार) को अपराह्न काल में आयोजित शिक्षक मेधावी संतान के तहत मेधा सम्मान समारोह- 2022 में संघ के अध्यक्ष केदारनाथ पांडेय तथा महासचिव शत्रुघ्न प्रसाद सिंह ने उत्कृष्टता प्रमाण पत्र, मेडल, मोमेंटो तथा 2000 रुपए नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया।

आईजीआईएमएस मेडिकल कॉलेज, पटना में एमबीबीएस तृतीय वर्ष के छात्र के रूप में मेडिकल की पढ़ाई सुचारू रूप से करने वाले प्रत्यूष नारायण ने सम्मान पाकर प्रसन्नता का अनुभव करते हुए कहा कि मैं देश- विदेश में मेडिकल की सर्वोत्तम पढ़ाई कर अपने समाज और राष्ट्र की बेहतरीन सेवा करूंगा। उसने कहा कि संघ द्वारा सम्मान पाकर मैं अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। इस सम्मान से मुझे जीवन में और बेहतरीन सफलता पाने का हौसला अफजाई हुआ है। सम्मान की प्राप्ति से मेरी जिम्मेदारी और भी बढ़ गई है कि मैं और भी बेहतर से बेहतरीन चिकित्सीय पढ़ाई कर अपने परिवार, समाज व क्षेत्र का नाम रोशन करु।

सम्मान समारोह में सम्मिलित प्रत्यूष की मां डॉ अंजू कुमारी ने कहा कि बच्चों के सफल एवं सम्मानित होने से माता-पिता में स्वभाविक रूप से प्रसन्नता एवं गर्व का भाव उत्पन्न होता है। जब समाज के बच्चे अच्छा करते हैं तो उसका सकारात्मक प्रभाव एवं हौसला समाज के अन्य बच्चों एवं अभिभावकों को भी मिलता है। इससे संबंधियों, पड़ोसियों व परिचितों को भी जीवन में आगे बढ़ने तथा सफल होने का उत्साह एवं जज्बा स्वाभाविक रूप से जागृत होता है

डॉ अंजू ने कहा कि एक माता के रूप में मुझे आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु प्रेरणा मिली है।

प्रत्यूष के पिता एवं सी एम कॉलेज, दरभंगा के संस्कृत विभागाध्यक्ष डा आर एन चौरसिया ने कहा कि हमलोग जैसे मध्यम वर्गीय परिवार के बच्चे किसी भी क्षेत्र में जब अच्छा करते हैं तो दूसरे परिवारों के अभिभावकों एवं उनके बच्चों का उत्साहवर्धन एवं हौसलाअफजाही स्वतः होता है। ऐसी सफलता एवं सम्मान से



विकास एवं शिक्षा के क्षेत्र में पीछे छूटे लोग भी समाज की मुख्यधारा में आने हेतु खुद प्रयास करने लगते हैं। मैं बिहार राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रति आभार व्यक्त करता हूं, जिनके सदस्यों ने बड़े स्तर पर शिक्षकों के सफल बच्चों एवं उनके अभिभावकों को पटना बुलाकर सम्मानित करने का काम किया है।

ज्ञातव्य है कि प्रत्यूष नारायण 2019 में मेडिकल कॉलेज में नामांकन हेतु आयोजित राष्ट्र स्तरीय नीट परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ सफलता प्राप्तकर आईजीआईएमएस में मेडिकल की पढ़ाई प्रारंभ किया था, जिसे बिहार राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष केदारनाथ पांडेय तथा महासचिव शत्रुघ्न प्रसाद सिंह ने स्वयं सम्मानित किया है।

परिवार को बधाई एवं शुभकामना देने वालों में डा शंभू शरण, डा राजीव कुमार, प्रो मुश्ताक अहमद, प्रो इंदिरा, प्रो मंजू, डा सविता, डा सुरेंद्र, डा प्रीति, डा ज्योति, डा शशिभूषण, डा सुधांशु, डा मनोज, डा अब्दुल, प्रशांत, डा मित्रनाथ, डा भक्तिनाथ, डा सोनी, सुगंधा चौधरी, प्रशांत कुमार झा, आर्य शंकर, सौरभ गिरी, कौशल किशोर, विपिन- वनद्वार, राजेश पंडित, डा रंभा कुमारी, डा आर के राही आदि के नाम शामिल हैं।

